दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 254 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज तो बहुत अच्छा हुआ था लेकिन अब इसके अंजाम के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता सत्र की शेष अवधि हंगामों की भेंट चढ़ने के असार बन गए हैं। संसद में स्मोक अटैक की घटना ने विपक्ष को इतना अक्रोशित कर दिया कि विपक्ष के 14 सांसद निलंबित कर दिए गए। इसके बाद संसद सत्र में और ज्यादा हंगामा होने की संभावना है। उन अराजक तत्वों का मकसद ही हंगामा खडा करना है। जिन्होंने संसद को धुंआ धुंआ किया था। इस घटना को लेकर संसद के इस महत्वपूर्ण सत्र का हंगामों की भेंट चढ़ना दुर्भाग्यजनक कहा जाएगा।

भजनलाल ने राजस्थान के 14वें सीएम के रूप में ली शपथ

जयपुर (एजेंसी)। भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। उनके साथ दो डिप्टी सीएम दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ली है। तीनों को राज्यपाल कलराज मिश्र ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भजनलाल ने प्रधानमंत्री का अभिवादन किया तो मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत देर तक हंसी-मजाक करते रहे। शपथ के बाद भजनलाल ने कहा कि मैं भावुक और नतमस्तक हूं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का संकल्प सर्वोपरि है। राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ, समृद्ध, और आत्मनिर्भर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद उन्होंने सचिवालय पहुंचकर पूजा-पाठ के साथ मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करवाने के लिए उनके साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत कई केंद्रीय मंत्री सचिवालय पहुंचे थे। पदभार ग्रहण करने के बाद भजनलाल ने वसुंधरा राजे को मिठाई खिलाई, वहीं वसुंधरा ने भजनलाल के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। बैरवा और दीया कुमारी ने भी चार्ज संभाल लिया है।

महुआ मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को अगले साल तीन जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा में आचार समिति की रिपोर्ट को मंजूर किए जाने के बाद गत सोमवार को टीएमसी नेता को सदन से निष्कासित कर दिया गया। इसके विरोध में मोइत्रा ने शीर्ष अदालत का रुख किया है। इस रिपोर्ट में मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में 'अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण' का जिम्मेदार ठहराया गया था। मामले की सुनवाई शुरु होते ही न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने मोइत्रा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी को बताया कि उन्होंने मामले की फाइल नहीं देखी है और पीठ सर्दियों की छुट्टियों के बाद इस पर सुनवाई करना चाहती है जो तीन जनवरी को समाप्त होंगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आठ दिसंबर को हंगामेदार चर्चा के बाद लोकसभा में मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया था जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। चर्चा में मोइत्रा को खुद का पक्ष रखने का मौका नहीं मिला था।

धोनी की याचिका पर पूर्व आईपीएस को 15 दिनों की जेल

चेन्नई (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर शुक्रवार को रिटायर्ड आईपीएस जी संपत कुमार को 15 दिनों की कैद की सजा सुनाई है। हालांकि सजा को 30 दिनों के लिए स्थगित रखा है। जिससे वह फैसले के खिलाफ अपील कर सकें। 2013 में जी संपत कुमार तमिलनाडु पुलिस के सीआईडी के अफसर थे। उन्होंने 2013 आईपीएल सट्टेबाजी मामले की शुरुआती जांच की थी। उन पर सट्टेबाजों को छोड़ने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। इसलिए उन्हें केस से हटा दिया गया था। संपत ने इस केस में धोनी का नाम भी शामिल किया था। इस पर धोनी ने जी संपत कुमार और एक टेलीविजन चैनल ग्रुप के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का केस किया था। धोनी ने संपत के खिलाफ अवमानना याचिका भी दायर की थी। इस याचिका में संपत की ओर से सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों का हवाला दिया था। संपत कुमार ने कथित रूप से दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने 2013 आईपीएल में मैच फिक्सिंग पर जस्टिस मुद्गल समिति की रिपोर्ट के कुछ हिस्सों को सीलबंद कवर में रखने का फैसला किया और इसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

30 मिनट में मिलेगी एम्बुलेंस सर्विस खुले रहेंगे जेनेरिक मेडिकल स्टोर

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग की ली समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे जेनेरिक मेडिकल स्टोर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बंद नहीं करेगी। इसके संकेत शुक्रवार को मंत्रालय में हुई हाई प्रोफ इल बैठक में मिले हैं। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में अलग-अलग विभागों की समीक्षा करने के लिए अफसर को बुलवाया। शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंत्रालय पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित बैठक ली, इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नागरिकों को क्वालिटी हेल्थ सर्विस मिलनी चाहिए। इसकी मॉनीटरिंग करने के लिए उन्होंने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को कहा। इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणू पिल्लै और सुब्रत साहू भी मौजूद रहे। सीएम साय ने आगे कहा कि एंबुलेंस सेवा 108 और मानसिक स्वास्थ्य के लिए संचालित की जा रही सेवाओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

निगम- मंडलों से कांग्रेसियों की छुट्टी

छत्तीसगढ़ के निगम-मंडल और प्राधिकरणों में बैठे नेताओं की नियुक्ति रद्द की की जा रही है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन को देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जीएडी के अवर सचिव पुलक भट्टाचार्य की तरफ से जारी इस आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि पिछले वर्षों में जो राजनीतिक नियुक्तियां की गई हैं जिन्हें विधि के अधीन नहीं हटाया जा सकता है, उन्हें छोड़कर बाकी सभी राजनीतिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

बैठक में सीएम ने दिए ये निर्देश

- 'कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध' अभियान चलाने दिए निर्देश
- प्रदेश को कुष्ठ रोग से मुक्त करने पर तत्काल कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश
- प्रदेश में सड़कों पर विचरण करते मानसिक रोगियों के कल्याण हेतु तत्काल कदम उठाने के दिए निर्देश
- मानसिक रोगियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए स्वास्थ्य अमला
- समय सीमा में कार्य करने के दिए निर्देश
- 108 एम्बुलेंस सेवा सुविधा करें दूरस्त
- आधे घंटे के अंदर पहुंचे एम्बुलेंस
- सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध की जाए जेनेरिक दवाईयां
- मरीजों को लिखी जाएं केवल जेनेरिक दवाइयां

लोकसभा घुसपैठ : कोर्ट ने मास्टरमाइंड को 7 दिन की रिमांड पर भेजा जेल

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद में घुसपैठ केस के मास्टरमाइंड ललित मोहन झा को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। ललित ने गुरुवार देर रात दिल्ली पुलिस थाने में सरेंडर किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह महेश नाम के एक व्यक्ति के साथ दिल्ली के कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन पहुंचा था। ललित ने संसद में घुसपैठ का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला और कोलकाता के एक एनजीओ को भेजा, ताकि ये मीडिया तक पहुंच सके। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया था। वह अपने सभी साथियों के मोबाइल फोन भी ले गया था, जिसे उसने जला दिया, ताकि सबूत मिटाए जा सकें। मोबाइल जलाने के बाद ललित बस से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डेढ़ साल से कर रहे थे प्लानिंग

संसद में घुसपैठ कर स्मोक कैन चलाने वाले सभी आरोपी भगत सिंह फैंस क्लब में शामिल थे। सोशल मीडिया ग्रुप पर ये लोग अपनी विचारधारा वाली पोस्ट डालते थे और वर्चुअली मिले। कई राज्यों के लोग इस क्लब से जुड़े हुए हैं। पांचवें आरोपी गुरुग्राम के विशाल शर्मा से हिरासत में पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों का किसी आतंकी संगठन से संबंध सामने नहीं आया है। सभी करीब डेढ़ साल से संसद में घुसपैठ की साजिश रच रहे थे। तब वे मैसुरु में मिले।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू हो सकता है। आज-कल में इसकी अधिसूचना विधानसभा की ओर से जारी हो सकती है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा- 19-20 और 21 दिसंबर को सत्र रखा जाए, इसे लेकर सीएम विष्णुदेव साय की अधिकारियों से बात हुई है। उसमें प्रोटेम स्पीकर होंगे, विधायकों की शपथ होगी अभिभाषण वगैरह की जो प्रक्रिया होती है, उसी रूप से कार्य सदन में होगा। उन्होंने कहा कि सीएम साय और अधिकारियों के बीच जल्द ही सत्र बुलाने की बात पर सहमति बनी है। सत्र और प्रदेश को कब तक अन्य विभागों के मंत्री मिलेंगे इस मामले पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव ने शुक्रवार को मीडिया से बात की। फिलहाल नई भाजपा सरकार में सीएम और दो डिप्टी सीएम हैं। मंत्रिमंडल के सवाल पर विजय शर्मा ने बताया कि यह मुख्यमंत्री का प्रिविलेज है, उनका अपना निर्णय है और मैं सोचता हूं कि जल्द ही वो मंत्रिमंडल का ऐलान करने वाले हैं। इस बात पर वह चिंता भी कर रहे हैं। 17 नवंबर को सीएम साय दिल्ली जाकर हाईकमान से मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा कर सकते हैं। माना जा रहा है शीतकालीन सत्र के बाद ही राज्य के विभागों को मंत्री मिलेंगे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मंत्रिमंडल को लेकर कहा- बहुत जल्द ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी विधायक को 25 साल की जेल, 10 लाख जुर्माना

सोनभद्र (एजेंसी)। सोनभद्र से बीजेपी विधायक रामदुलार गोंड को रेप केस में एमपी/एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार 15 दिसंबर को 25 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने विधायक पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया। यह रकम पीड़ित को दी जाएगी। दुद्धी सीट से विधायक रामदुलार सजा कम करने के लिए कोर्ट के सामने गिड़गिड़ाया। कहा कि बच्चों की पढ़ाई चल रही है, इसलिए कम सजा दी जाए। 9 साल पुराने नाबालिग से रेप मामले में कोर्ट ने विधायक को 12 दिसंबर यानी मंगलवार को दोषी करार दिया था। विधायक को पॉक्सो, धारा 376 और धारा 201 के तहत दोषी माना था। सजा के बाद अब बीजेपी विधायक की विधायकी जाना तय है। सरकारी वकील सत्यप्रकाश तिवारी ने सजा और जुर्माने की पुष्टि की। नाबालिग से रेप की यह एफआईआर 4 नवंबर 2014 को दर्ज हुई थी। म्योरपुर गांव में नाबालिग लड़की से रामदुलार गोंड ने रेप किया था। पीड़ित पक्ष के वकील विकास शाक्य के मुताबिक, पीड़ित ने अपने बयान में बताया था कि रामदुलार उसके साथ करीब एक साल से रेप कर रहा था। उसने 6 बार उसके साथ जबर्दस्ती की। 4 नवंबर 2014 को भी जब पीड़ित अपने खेत जा रही थी, उस वक्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शेयर बाजार के लिए रिकॉर्ड तोड़ हफ्ता, सेंसेक्स-निफ्टी नए हाई पर

मुंबई (एजेंसी)। शेयर बाजार में बुल्स के लिहाज से बीता हफ्ता रिकॉर्डतोड़ रहा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड हाई पर बंद हुए। जबरदस्त खरीदारी के चलते सेंसेक्स, निफ्टी, बैंक निफ्टी समेत ज्यादातर इंडेक्स नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। हफ्ते के आखिरी कारोबरी दिन बीएसई सेंसेक्स 969.55 (1.37 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 71,483.75 पर बंद हुआ, बाजार इंट्राडे में 71,605 के स्तर तक पहुंच गया। वहीं इस दौरान, निफ्टी 273.96 (1.29 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 21,456.65 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान बैंक निफ्टी भी 48,219 के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचा। इस साल की शुरुआत यानी 2 जनवरी (1 जनवरी को बाजार बंद था) को सेंसेक्स 61,167 के स्तर पर था, जो अब यानी 15 दिसंबर को 71,605 अंक पर पहुंच गया है। यानी इस साल अब तक इसमें 17 प्रतिशत से ज्यादा यानी 10,438 अंक की तेजी देखने को मिली है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आगे भी ये तेजी जारी रह सकती है। इससे पहले गुरुवार (14 दिसंबर) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 70,602.89 और निफ्टी ने 21,210.90 का ऑल टाइम हाई बनाया था। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 929 अंक की तेजी के साथ 70,514 के लेवल पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 256 पॉइंट की तेजी रही। ये 21,182 के स्तर पर बंद हुआ था।

कोर्ट कैंपस में खूंखार अपराधी की गोली मारकर हत्या

पटना (एजेंसी)। पटना के दानापुर कोर्ट कैंपस में दो बदमाशों ने पेशी पर आए कुख्यात अपराधी अभिषेक उर्फ छोटे सरकार की गोली मारकर हत्या कर दी। जिस समय हत्या हुई, उस समय पांच पुलिसकर्मी साथ में थे। दोनों बदमाशों ने 6 राउंड गोली चलाई। गोली चलने से कोर्ट कैंपस में दहशत फैल गई। बदमाश मौका देखकर भागने लगे, लेकिन वकीलों की मदद से पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। अपराधियों के पास से दो पिस्टल बरामद की गई है। एक बदमाश के पैर में फायरिंग के दौरान गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैदी का नाम अभिषेक उर्फ छोटे सरकार था। वह बिहटा का रहने वाला था। उसे सुपारी किलर भी कहा जाता था। छोटे सरकार का पटना के पश्चिमी इलाके नौबतपुर, बिहटा, रानी तालाब थाना क्षेत्रों में आतंक था। वह कई हाईप्रोफाइल मर्डर के मामलों का आरोपी था। छोटे सरकार पर कुल 16 केस दर्ज थे। इसमें अकेले बिहटा थाना में 7 केस थे। उसे शुक्रवार को बेऊर जेल से पुलिसकर्मी पेशी के लिए कोर्ट लेकर आए थे। इसी दौरान घात लगाकर बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी।

गरमा-गरम

विडम्बना... पीड़ितों को न्याय देने वाली महिला जज किससे मांगे न्याय

महिला जज हैरासमेंट मामले पर सीजेआई ने मांगी रिपोर्ट

बाराबंकी (एजेंसी)। यूपी के बांदा में तैनात महिला जज के हैरसमेंट मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। सीजेआई के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल अतुल एम कुरहेकर ने हाईकोर्ट प्रशासन से महिला जज की तरफ से दी गई सारी शिकायतों और कार्रवाई का स्टेटस मांगा है। दरअसल, गुरुवार को महिला जज का लेटर वायरल हुआ था। सीजेआई के नाम लिखे इस पत्र में उन्होंने खुद के साथ हुए सैक्सुअल हैरसमेंट का जिक्र करते हुए इच्छा मृत्यु की मांग की थी। इस लेटर में उन्होंने लिखा था कि भरी अदालत में मेरा शारीरिक शोषण हुआ। मैं दूसरों को न्याय देती हूं, लेकिन खुद अन्याय का शिकार हुई। यही नहीं, उन्होंने यह भी लिखा कि जब मैंने जज होते हुए इंसाफ की गुहार लगाई, तो 8 सेकेंड में सुनवाई करके पूरा मामला अनसुना कर दिया गया। मैं लोगों के साथ न्याय करूंगी, यह सोचकर न्यायिक सेवा जॉइन की थी, मगर मेरे साथ ही अन्याय हो रहा है। अब मेरे पास सुसाइड के अलावा कोई और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मथुरा ईदगाह सर्वे रोकने से सुको का इनकार

मथुरा (एजेंसी)। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह के कमिश्नर सर्वे पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर सर्वे से दिक्कत है तो प्रॉपर तरीका अपनाएं। इसके बाद सुनवाई पर विचार किया जाएगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को विवादित स्थल का कमिश्नर सर्वे का आदेश दिया था। शाही ईदगाह मस्जिद और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वर्चुअली इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें कमिश्नर सर्वे और हाईकोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इससे इनकार करते हुए कहा कि कार्रवाई को चलने दें।

सुको ने मणिपुर हिंसा में क्षतिग्रस्त धार्मिक-स्थलों की मांगी जानकारी

इंफाल (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में मणिपुर हिंसा में क्षतिग्रस्त हुए धार्मिक स्थलों को लेकर राज्य सरकार से जानकारी मांगी है। कोर्ट ने शुक्रवार 15 दिसंबर को राज्य सरकार से पूछा कि धार्मिक स्थलों को बचाने के लिए क्या उपाय किए हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मणिपुर सरकार को हिंसा में क्षतिग्रस्त धार्मिक स्थलों की पहचान करने के बाद दो हफ्ते के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति को लिस्ट सौंपेगी। इस रिपोर्ट में सभी संप्रदायों के धार्मिक स्थल शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ न्यूज गैलरी

केजरीवाल सरकार ने बढ़ाया एमएलए फंड, विकास कामों के लिए मिलेंगे 7 करोड़ रु

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने विधायकों को मिलने वाले एमएलए फंड की राशि को बढ़ा दिया है। अब विधायकों को उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए 4 करोड़ की जगह 7 करोड़ रुपये मिलेंगे. शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधायक के लिए दिल्ली विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को 4 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7 करोड़ रुपये कर दिया गया है। एमएलए फंड का इस्तेमाल विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए करते हैं. दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय शीतकालीन सत्र आज सुबह शुरू हुआ। सत्र के दौरान दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह भी कहा कि बजट 2023-24 के संशोधित अनुमान में 100 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है. उन्होंने कहा कि शेष राशि अगले वित्तीय वर्ष के बजट में आवंटित की जाएगी।

ट्रैक्टर के पलटने से 2 मजदूर समेत तीन की मौत

राजगीर(वार्ता। बिहार में नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ट्रैक्टर के पानी भरे गड्ढे में पलट जाने से दो मजदूर समेत तीन लोगां की दबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गौढ़ापर सरमेरा-बिहटा मुख्य सड़क मार्ग पर ईट से लदी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पानी से भरे खड्डु में पलट गयी। इस घटना में ट्रैक्टर चालक मुकेश कुमार और दो मजदूरों की दबकर मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवो को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

सुलिवन फिलिस्तीनी प्राधिकरण के पुनर्निर्माण, गाजा के भविष्य पर चर्चा करेंगे

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका में

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन शुक्रवार को रामल्ला की यात्रा के दौरान फिलिस्तीनी प्राधिकरण की क्षमता में सुधार की तत्काल आवश्यकता और गाजा पट्टी के भविष्य पर चर्चा करेंगे। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। अधिकारी ने गुरुवार को कहा, 'हम फिलीस्तीनी प्राधिकरण की क्षमता के बारे में बात करेंगे, हम मानते हैं कि इसे सुधारने, पुनर्जीवित करने की जरूरत है, और मुझे लगता है कि वे खुद आपको यह बताएंगे।'

उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि हम राष्ट्रपति महमूद अब्बास और उनकी वरिष्ठ टीम के साथ मुख्य रूप से वेस्ट बैंक में स्थिरता के बारे में और साथ ही गाजा में आगे क्या होगा इसके बारे में भी चर्चा करेंगे।'

असम के जोरहाट सैन्य स्टेशन पर धमाका, जांच जारी

नई दिल्ली(ए.)। गुरुवार देर शाम असम के जोरहाट जिले में हल्के विस्फोट की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देर रात पुलिस टीम जांच करती नजर आई। जोरहाट जिले के अंतर्गत जोरहाट सैन्य स्टेशन के सेना गेट के पास हल्के विस्फोट की आवाज सुनी गई। इस आवाज से लोगों में दहशत पैदा हो गई। हालांकि इससे किसी भी नुकसान या हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस की कई टीमें जांच में जुटी हैं।पुलिस के आला अफसर घटनास्थल पर मुआयना करते दिख रहे हैं। इस धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। यह विस्फोट जोरहाट सैन्य स्टेशन के मेन गेट के पास हुआ।

रामलला की नगरी में बनेगी भारत की सबसे बड़ी मस्जिद, मका के इमाम रखेंगे नींव

नई दिल्ली(ए.)। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के साथ ही करीब 25 किमी दूर मस्जिद भी बनाई जाएगी। इस मस्जिद की बुनियाद मक्का के पवित्र काबा में नमाज पढ़ाने वाले इमाम-ए-हरम रखेंगे। इस मस्जिद का नाम मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्ला रखा गया है। पिछले अक्टूबर में मुंबई में हुई एक बैठक में मस्जिद का नाम मस्जिद मुहम्मद बिन अब्दुल्ला रखने की बात तय हुई थी। इस बैठक में कई वरिष्ठ मौलवियों और इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी भी मौजूद रहे। इसमें मस्जिद का नया डिजाइन भी जारी किया गया था। मस्जिद बनाने के लिए 29 जुलाई, 2020 को इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन नाम से एक ट्रस्ट गठित किया गया था। पहले तय हुआ था कि मस्जिद का निर्माण यह ट्रस्ट ही कराएगा। अयोध्या के धन्नीपुर में बनाई जा रही यह भारत की सबसे बड़ी

मस्जिद होगी

मुंबई के बीजेपी नेता और मस्जिद मुहम्मद बिन अब्दुल्ला विकास समिति के अध्यक्ष हाजी अराफात शेख ने कहा कि अयोध्या के धन्नीपुर में बनने वाली नई मस्जिद भारत में सबसे बड़ी होगी। यहां दुनिया की सबसे बड़ी कुरान भी होगी। इसकी ऊंचाई 21 फीट और चौड़ाई 36 फीट होगी। शेख के मुताबिक मस्जिद में पांच मीनारें होंगी। ये इस्लाम के पांच स्तंभों-कलमा, नमाज, रोजा, हज और जकात का प्रतीक होंगी।

सुको ने यूपी सरकार को मस्जिद के लिए जमीन देने का निर्देश दिया था- राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद पर 100 साल से ज्यादा लंबे समय तक चली कानूनी लड़ाई का अंत 9 नवंबर 2019 को हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने 9 नवंबर 2019 को राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था। इस फैसले में कोर्ट ने यूपी सरकार को निर्देश दिया था कि वह अयोध्या स्थित रामजन्म भूमि से 25 किमी दूर मस्जिद बनाने के लिए बाबरी मस्जिद कमेटी को जमीन उपलब्ध कराए। इसी जमीन पर नई मस्जिद बनाई जाएगी।

बीजेपी नेता हाजी अराफात शेख ने कहा कि वह फाउंडेशन के ट्रस्टी हैं और अब उन्हें मस्जिद की विकास समिति का प्रमुख भी बनाया गया है। मस्जिद के अलावा, परिसर में एक कैंसर अस्पताल, स्कूल और कॉलेज, एक संग्रहालय और एक पुस्तकालय और एक पूरी तरह से शाकाहारी रसोईघर भी होगा। इसमें वहां आने वाले लोगों को मुफ्त भोजन दिया जाएगा।

इसरो : अब चंद्रमा की सतह से नमूने लाने का लक्ष्य

इसरो चीफ बोले- भारत की नजर अब अपने अगले टारगेट पर

नई दिल्ली(ए.)। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रचने वाले भारत की नजर अब अपने अगले लक्ष्य पर है। सफल चंद्रयान-3 मिशन से उत्साहित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि इसरो अब चंद्र सतह से नमूने लाने पर विचार कर रहा है। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में एक व्याख्यान में सोमनाथ ने चंद्रमा से सैंपल वापस लाने के लिए सैंपल रिटर्न मिशन का विवरण साझा किया। कहा, चंद्रमा को लेकर हमारी जिज्ञासा अभी खत्म नहीं हुई है। मैं राष्ट्रपति जी को आश्वासन देता हूं कि हम अपने बलबूते चंद्रमा की सतह से चट्टानें (मिट्टी) लाएंगे। सोमनाथ ने कहा कि

गगनयान कार्यक्रम जारी रहेगा। यह केवल भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने का मिशन नहीं है। इसका लक्ष्य लगातार मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजना, इस पर काम करना और तकनीकी क्षमताओं को और विकसित करना है। अंतरिक्ष गतिविधि के लिए जीवंत औद्योगिक आधार बनाना है जो पहले संभव नहीं हो सका। आज 200 से अधिक स्टार्ट-अप कंपनियां हैं जो अंतरिक्ष आधारित गतिविधियां कर रही हैं। हम इसरो में प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने के लिए तैयार हैं।

चंद्र मिशन पर विस्तार से बात की

सोमनाथ ने भारत के चंद्र मिशन- चंद्रयान-1, चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 के बारे में भी विस्तार से बात की। यह भी संकेत दिया कि चंद्रयान-3 के माडल गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रदर्शित किए जा सकते हैं। भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में विकास पर व्याख्यान में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। सोमनाथ, जो अंतरिक्ष विभाग के सचिव भी हैं, ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात भी की। गौरतलब है कि भारत ने इस साल 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग की थी। अब तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही चंद्रमा की सतह पर अपने लैंडर उतारे हैं। लेकिन भारत को छोड़कर किसी भी देश को चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग में सफलता नहीं मिली।

सोमनाथ ने कही बड़ी बात

दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सोमनाथ ने कहा, हम फिलहाल इस तरह का मिशन डिजाइन कर रहे हैं। इस मिशन को हम इसे अगले चार साल में पूरा करना चाहेंगे। लगभग 40 मिनट के संवाद में इसरो प्रमुख ने कहा, भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने के मिशन पर भी काम चल रहा है। सर्विस और क्रू माड्यूल डिजाइन कर लिया गया है। हम मानवों को सुरक्षित तरीके से अंतरिक्ष में ले जाएंगे और उन्हें सुरक्षित वापस भी लाएंगे। हमारी इच्छा अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी तैयारियों की समीक्षा की है और 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के निर्देश दिए हैं। अंतरिक्ष स्टेशन बनाने से पहले इसका पहला माड्यूल 2028 तक लांच किया जाएगा। यह रोबोटिक अंतरिक्ष स्टेशन होगा। मानवयुक्त अंतरिक्ष स्टेशन 2035 तक बनेगा, क्योंकि हमें ऐसा करने के लिए नए राकेट की आवश्यकता होगी।

कोई कृष्ण बचाने नहीं आएंगे, महिला को नग्न घुमाने और पीटने पर भड़का हाईकोर्ट

बेंगलुरू। कर्नाटक में एक महिला को निर्वस्त्र कर पीटे जाने पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। उच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि यह एक असाधारण घटना है और इससे 'असाधारण तरीके' से ही निपटा जाएगा। इस दौरान उन्होंने महाभारत का भी जिक्र कर दिया और कहा कि उस काल में भी ऐसी घटनाएं नहीं हुईं। अब तक इस मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना की खबरों के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। साथ ही बेलगावी पुलिस प्रमुख को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस से ताजा रिपोर्ट भी मांगी गई है। कोर्ट ने कहा, 'हमें पूरी जानकारियां चाहिए। इसे एक असाधारण घटना के तौर पर

माना जाएगा और इसे असाधारण तरीके से ही निपटा जाएगा।' कोर्ट ने कहा कि महिला को सार्वजनिक रूप से निर्वस्त्र करने जैसा अत्याचार 'महाभारत में भी नहीं हुआ, जब द्रोपदी का वस्त्रहरण हो रहा था तब भगवान कृष्ण उन्हें बचाने के लिए आ गए थे।' कोर्ट ने कहा, 'आज की दुनिया में अगर दुर्योधन/दुशासन आते हैं, तो कृष्ण मदद के लिए नहीं आएंगे।' जस्टिस प्रसन्न बी वराले और जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित ने घटना पर जमकर नाराजगी जाहिर की है और रिपोर्ट तलब की है।

टीपू सुल्तान पर फिर गरमाई सियासत

कर्नाटक। कर्नाटक में एक बार फिर टीपू सुल्तान पर सियासत शुरू हो गई है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार में शामिल विधायक चाहते हैं कि मैसूर हवाई अड्डे का नाम बदलकर टीपू सुल्तान के नाम पर रख देना चाहिए। वहीं बीजेपी ने एक बार फिर से इस पर विरोध दर्ज कराया है। हुबली-धारवाड़ पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रसाद अब्बय्या ने गुरुवार को सदन में राज्य के चार हवाई अड्डों के साथ मैसूर हवाई अड्डे का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा। विधायक प्रसाद अब्बय्या ने मांग की कि मैसूर हवाई अड्डे का नाम टीपू के नाम पर रखा जाए। सदन ने बेलगाम हवाई अड्डे के लिए कित्तूर रानी चेन्नम्मा, शिमोगा हवाई अड्डे के लिए राष्ट्र कवि कुवेम्पु और विजयपुरा के लिए जगज्योति बसवेश्वर का नाम रखने का प्रस्ताव पारित किया।

इस बारे में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक प्रसाद अब्बय्या ने कहा, ''टीपू एक देशभक्त, पहले स्वतंत्रता सेनानी थे। मैंने सुझाव दिया कि मैसूर हवाई अड्डे का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर रखा जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि भाजपा किसी भी मुस्लिम राष्ट्रवादी का विरोध करती है। हमने देखा है कि वे शुरू से ही टीपू सुल्तान का विरोध करते हाई है।

इस दौरान विपक्षी बीजेपी विधायकों ने इस पर कड़ा विरोध जताया। बीजेपी के विरोध के बाद कांग्रेस के कई विधायकों ने भी मैसूर हवाई अड्डे का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर रखने की मांग तेज कर दी। देखना होगा कि कर्नाटक सरकार इस संबंध में क्या कार्रवाई करने जा रही है। कांग्रेस विधायक डॉ. रंगनाथ ने मैसूर हवाई अड्डे का नाम टीपू के नाम पर रखने के पक्ष में कहा कि हम छोटे बच्चों से टीपू के बारे में पढ़ते हैं। उन्होंने मैसूर क्षेत्र को बचाने के लिए जो संघर्ष किया इसके बारे में हर कोई जानता है।

इतिहासकारों का मानना है कि टीपू सुल्तान ब्रिटिश शासन के घोर विरोधी थे, उन्होंने अपनी राजधानी श्रीरंगपट्टनम की रक्षा करते हुए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और शहीद हो गए। टीपू सुल्तान का जन्मदिन मनाने को लेकर भी कर्नाटक में अक्सर विवाद छिड़ जाता है। साल 2016 में जब राज्य में सिद्धारमैया की सरकार थी तब कांग्रेस ने उनका जन्मदिन मनाना शुरू किया।

राजनाथ सिंह और एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में प्रतिष्ठित सीएसआर पुरस्कार समारोह संपन्न

मुंबई(ए.)। देश का सबसे प्रतिष्ठित सीएसआर अवार्ड समारोह दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 संपन्न हुआ। दी सीएसआर जर्नल द्वारा आयोजित सीएसआर पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे मौजूद रहें। द सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी यानी सीएसआर जगत में देश का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह है, जो मुंबई के आइकोनिक सेंटर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित किया गया। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस का ये अवार्ड्स समारोह

छठा संस्करण रहा। इस साल पुरस्कारों का विषय युवा सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'इंडिया फर्स्ट' था। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 में देश के तमाम ब्यूरोक्रेट, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवा, कलाकारों व छात्रों सहित 600 से अधिक लोग शामिल हुए। भारत के माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, वन, सांस्कृतिक मामले, मत्स्य पालन मंत्री, महाराष्ट्र सरकार श्री सुधीर मुनगंटीवार और जूरी सदस्यों ने शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण, कृषि और ग्रामीण विकास और खेल सहित 6 श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड मे उन तमाम कॉरपोरेट कंपनियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सीएसआर के माध्यम से समाज में अपनी जिम्मेदारी और अपने दायित्वों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक उत्थान के लिए बेहतरीन काम किये है। दी सीएसआर जर्नल के फाउंडर और एडिटर इन चीफ अमित उपाध्याय ने सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड्स में कहा कि, ÷सामाजिक विकास के लिए हर एक इंसान की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण होता है।

ट्रेनों की टक्कर में 515 घायल, 102 की टूटी हड्डियां

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में इन दिनों भारी बर्फबारी हो रही है। भारी हिमपात के बीच दो सबवे ट्रेन में भिड़ंत होने से 515 लोग घायल हो गए। गुरुवार शाम को बीजिंग के चांगपिंग लाइन पर एक सबवे ट्रेन के डिब्बे अलग हो गए, जिससे 500 से अधिक लोग घायल हो गए और 100 से ज्यादा लोगों की हड्डियां टूट गईं। बीजिंग नगर परिवहन आयोग ने कहा कि दुर्घटना गुरुवार शाम को लगभग 7 बजे हुई। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि घायलों में से 102 लोगों की हड्डियां टूट गयी हैं। यह हादसा बीजिंग के

पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम को चांगपिंग लाइन पर हुआ। शहर के परिवहन प्राधिकरण ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा कि पटरियों पर फिसलन के कारण आगे चल रही ट्रेन खुद रुक गयी। पीछे से आ रही ट्रेन समय रहते ब्रेक नहीं लगा पायी और वह फिसल गयी।

घायलों को अस्पताल में किया गया भर्ती

परिवहन प्राधिकरण के बयान के अनुसार, आपात चिकित्सा कर्मी, पुलिस और परिवहन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और रात करीब 11 बजे तक सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 25 यात्री निगरानी में हैं और 67 यात्री शुक्रवार सुबह तक अस्पताल में भर्ती थे। बीजिंग सबवे के मुताबिक, चांगपिंग लाइन के कुछ हिस्से यातायात के लिए चालू रहे। वहीं, कंपनी ने दुर्घटना के लिए माफी मांगते हुए घायल यात्रियों का इलाज करवाने की बात कही है।

बीजिंग में भारी बर्फबारी

बीजिंग में बुधवार को भारी बर्फबारी शुरू हो गयी थी जिससे कुछ ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ा और स्कूल बंद करने पड़े। शहर में अभी और हिमपात की चेतावनी जारी की गयी है। रात भर पारा शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। उत्तरी चीन में आए बर्फीले तूफान से अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

सीजीएचएस का 100 शहरों तक विस्तार होगा : मांडविया

नई दिल्ली(वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य मंत्री परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार के निरंतर सुधारों से सीजीएचएस के दायरे में शहरों की संख्या वर्ष 2014 में 25 से बढ़कर 80 हो गई है और ये जल्द ही भारत के 100 शहरों तक पहुंच जाएंगे। मांडविया राष्ट्रीय राजधानी में अलकनंदा, रोहिणी सेक्टर -16 और वसंत विहार में तीन सीजीएचएस वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया और कहा सीजीएचएस लाभार्थी अपने निवास के निकटतम स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना और देश के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है।

फिलिस्तीनी श्रमिकों की जगह लेंगे भारतीय मंत्री बोले- इजरायल के साथ कोई बातचीत नहीं हुई

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने गुरुवार को कहा कि उसने फिलीस्तीनी श्रमिकों की जगह भारतीय श्रमिकों को भेजने के संबंध में इजरायल के साथ कोई चर्चा नहीं की है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह बात कही। कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल ने सरकार से पूछा था कि क्या उसने फिलिस्तीनी श्रमिकों की जगह भारतीय श्रमिकों को इजरायल भेजने के संबंध में इजरायल के साथ कोई चर्चा की है। इसके जवाब में वी मुरलीधरन ने कहा, ÷सरकार ने फिलीस्तीनी श्रमिकों की जगह पर भारतीय श्रमिकों को भेजने के संबंध में इजरायल के साथ कोई चर्चा नहीं की है।÷ इजरायल-हमास संघर्ष के बाद, ऐसी मीडिया रिपोर्टें आई थीं जिनमें कहा गया था कि इजरायली निर्माण उद्योग 90,000 फिलिस्तीनियों के स्थान पर एक लाख भारतीय श्रमिकों की भर्ती करने पर विचार कर रहा है।

दो दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने इजराइली समकक्ष एली कोहेन से फोन पर बात की और गाजा, लेबनान तथा क्षेत्र में समुद्री यातायात की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की।

बंगाल में 12 जगहों पर सीबीआई की छापेमारी

कोलकाता। कोयला तस्करी कांड की जांच कर रही सीबीआइ ने गुरुवार को बंगाल में 12 जगहों पर एक साथ छापेमारी की, छापेमारी सुबह से देर शाम तक जारी रही। सीबीआइ सूत्रों के मुताबिक जिन लोगों के घरों या दफ्तरों की तलाशी ली गई, वह सभी कोयला तस्करी मामले के मुख्य आरोपित अनूप माजी उर्फ लाला के करीबी हैं। सीबीआइ अधिकारियों ने कई टीमों में बंटकर कोलकाता के भवानीपुर, पश्चिम बर्द्धमान के आसनसोल, दुर्गापुर, कुलटी, मालदा के रतुआ और पुरुलिया की 12 जगहों पर छापामारी की। आसनसोल में स्नेहाशीष तालुकदार और रतुआ में श्यामल सिंह नामक व्यक्ति के घर

की तलाशी ली गई। ये दोनों लाला के करीबी बताए जाते हैं।

जांच सीबीआइ ने की थी

सीबीआइ को पता चला है कि स्नेहाशीष लाला के आर्थिक मामलों को देखता था। गुरुवार सुबह कोलकाता के भवानीपुर में एक बहुमंजिला आवास में छापामारी की गई। इसके अलावा सीआइएसएफ के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के घरों की भी तलाशी ली गई। 2020 में कोयला तस्करी मामले की जांच सीबीआइ ने शुरू की थी।

सीबीआई कर चुकी पूछताछ

इस मामले में लाला मुख्य आरोपित है। सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी। लाला के साथी माने जाने वाले गुरुपद माजी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था, हालांकि उनमें से तीन को जमानत मिल गई। गुरुपद अभी तिहाड़ जेल में बंद है। कोयला तस्करी मामले में तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से भी केंद्रीय जांच एजेंसी पूछताछ कर चुकी है।

अमेरिका ने इजराइल से युद्ध रोकने का किया आग्रह, वेस्ट बैंक में मारे गए 12 फिलिस्तीनी

नयी दिल्ली(वार्ता)। संयुक्त राज्य अमेरिका ने इज़राइल से गाजा में उच्च तीव्रता वाली लड़ाई को जल्द से जल्द समाप्त करने का आग्रह किया है। ऐसा तब हुआ है जब इजराइल को नागरिकों की हत्या पर अंतरराष्ट्रीय आक्रोश और संयुक्त राज्य अमेरिका से दुर्लभ आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली छापे के बाद 12 फिलिस्तीनी मारे गए, जिससे आईडीएफ ने दर्जनों आतंकवादियों को पकड़ने में मदद की। हाल के वर्षों में इज़राइल ने वेस्ट बैंक में बस्तियों का काफी विस्तार किया है, जिससे एक व्यवहार्य फ़िलिस्तीनी राज्य के लिए

कम क्षेत्र बचे हैं। हमास-नियंत्रित क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, चल रहे युद्ध में 18,400 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं। इज़राइल का कहना है कि 7 अक्टूबर को हमास द्वारा दक्षिणी इज़राइल पर हमला करने के बाद उसके ज़मीनी हमले में उसके 113 सैनिक मारे गए हैं, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 बंधक बनाए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने इजरायल से गाजा में नागरिकों की सुरक्षा के लिए अधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका चाहता है कि इज़राइल आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ अपने हमले को कम करे। वाशिंगटन के पास एक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, बिडेन ने कहा कि मैं चाहता हूं कि वे इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि नागरिक जीवन को कैसे बचाया जाए हमास के पीछे जाना बंद न करें, बल्कि अधिक सावधान रहें।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रपति मुर्मु ने सीएम साय को दी बधाई और शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश उन्नति के नए शिखर को प्राप्त करेगा।

नेशनल लोक अदालत आज

रायपुर/नवप्रदेश। आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वाधान में शनिवार 16 दिसम्बर 2023 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं लोक अदालत के दिन व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय, एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्यूट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे, दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, याददाश्त के आधार पर बंटवारा, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, कब्जे के आधार पर बंटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सुखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जावेगा।

रायपुर एयरपोर्ट में बैग से 4 लाख के गहने पार

रायपुर/नवप्रदेश। हवाई सफर के दौरान एक यात्री के बैग से चार लाख से ज्यादा के गहने चोरी गए। यात्री को अपने घर पहुंचने के बाद चोरी का पता चला। इसकी शिकायत माना थाने में की गई है। पुलिस के मुताबिक उत्तराखंड निवासी शेखर कुमार सिंह अपनी मां के साथ विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट से गुरुवार को दिल्ली से रायपुर पहुंचे। वे अपना सूटकेस लेकर घर चले गए। घर में सूटकेस खोलने पर पता चला कि उसमें से 4 लाख रुपए से ज्यादा के गहने और 20 हजार रुपए की नकदी गायब मिले। सूटकेस में एयरलाइंस की सील लगी थी। इसकी शिकायत उन्होंने माना पुलिस थाने में की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की शिकायत के मुताबिक सूटकेस से चोरी की घटना रायपुर एयरपोर्ट में ही होने की आशंका है। उनका दावा है कि एयरपोर्ट में उनका सामान उन्हें काफी देर बाद मिला। इससे शक है कि बैग से रायपुर एयरपोर्ट में ही गहने और नकदी निकाले गए हैं। फिलहाल शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी

■ 4 शहरी क्षेत्र एवं 70 ग्रामीण क्षेत्र वीसी से होंगे कनेक्ट

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार 16 दिसम्बर को दोपहर चार बजे करेंगे। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से दोपहर 3 बजे कनेक्ट होंगे और यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे।

केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए प्रधानमंत्री का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

वेब पोर्टल से होगी मानिटरिंग

भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी। यात्रा से संबंधित सामग्री इस वेब पोर्टल में साझा की जाएगी। साथ ही हितग्राही को दिये जाने वाले लाभ की सूचना इस पोर्टल में होगी। शिविरों में आने वाले आवेदनों के संबंध में भी जानकारी इस पोर्टल में होगी।

इन योजनाओं को किया जाएगा शामिल

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी।

हमारी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नहीं, टीम भावना से कार्य करेगी : विष्णुदेव

मुख्यमंत्री ने ली विभिन्न विभागों के सचिवों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को महानदी भवन नवा रायपुर में विभिन्न विभागों के सचिव स्तर के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री को राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शासन और प्रशासन विकास की गाड़ी के दो पहिए हैं, हम सब मिलकर राज्य को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर नहीं बल्कि टीम भावना से कार्य करेगी। प्रशासनिक अधिकारी हमारे परिवार के सदस्य की तरह हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग बहुत ही सहज और सरल हैं, हमें मिलकर राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा में नागरिक, प्रशासन और शासन एक दूसरे के पूरक हैं, हम सब मिलकर ही राज्य को विकास की ओर अग्रसर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू एवं सभी विभागों के सचिव उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति से मिले छत्तीसगढ़ के राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने गत दिवस नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य भेंट की।

कारोबारियों के 50 ठिकानों से आईटी ने जब्त की 4 करोड़ नगदी

रायपुर/नवप्रदेश। आयकर विभाग ने दाल कारोबारी, अनाज आढ़तिया (ब्रोकर) और कोल्ड स्टोरेज संचालकों के ठिकानों से 4 करोड़ की ब्लैक मनी सीज की गई है। तलाशी में बड़ी संख्या में बोगस दस्तावेज लेनदेन के पेपर और कच्चे का हिसाब मिला है। इसकी जांच कर कारोबारी से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि आयकर विभाग की टीम ने 14 दिसम्बर को रायपुर में तेलघानी नाका, गंजपारा, फाफाडीह, फरिश्ता काम्पलेक्स, सिलतरा, भनपुरी, गोंदवारा स्थित 30 गोदाम और दफ्तर के साथ ही देवेन्द्र नगर, शंकर नगर, चौबे कॉलोनी एवं समता कॉलोनी स्थित 20 घर में छापा मारा था। इस समय कारोबारियों के सभी ठिकानों में लेनदेन के दस्तावेजो, कम्प्यूटर, लैपटॉप, स्टॉक और टर्न ओवर की जांच की जा रही है। छापे का यह कार्रवाई दोपहर 1 बजे कारोबारियों के सभी ठिकानों में एक साथ की गई है। इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की 350 सदस्यीय संयुक्त टीम शामिल है। वहीं सुरक्षा के लिए करीब 200 सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। बताया जाता है कि टैक्स चोरी और लगातार कम रिटर्न जमा करने के इनपुट मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

कच्चे में कारोबार

टैक्स चोरी करने के लिए कारोबारियों द्वारा कच्चे में काम करने के कागज मिले है। तलाशी के दौरान कैश में काम करने के दस्तावेज मिले है। वहीं गोदाम और कोल्ड स्टोरेज में निर्धारित स्टॉक के कई गुना ज्यादा सामान मिला है। लेकिन, इसकी इंट्री तक नहीं की गई है। बताया जाता है कि कोल्ड स्टोरेज हजारों बोरी आलू, प्याज, इमली के साथ ही अन्य सामान मिले है। वहीं दाल और अनाज कारोबारियों गोदाम में खाद्यान सामानों की हजारों बोरियां मिली है। इनका मूल्याकंन करने के साथ ही संचालकों और मैनेजर से पूछताछ कर बयान लिया जा रहा है।

प्रापर्टी की जांच

कारोबारियों के बैंक खाते, निवेश, प्रापर्टी की जांच की जा रही है। बता दें कि छापे की जद में आने वाले अधिकांश कारोबारियों के खिलाफ पिछले काफी समय से कालाबाजारी और टैक्स चोरी करने की शिकायत मिल रही थी।

स्वास्थ्य विभाग ने जिला मुख्यालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में भेजी जीवन रक्षक दवाएं

■ मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड और उल्टी दस्त की दवाओं के मच्छरदानियां भी वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय संचालनालय ने स्वास्थ्य संचालक छग स्वास्थ्य सेवाओं के निर्देश पर प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जीवन रक्षक दवाएं यथा मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड एवं उल्टी दस्त तथा बुखार की आवश्यक दवाएं जिला स्वास्थ्य मुख्यालय मुख्य जिला चिकित्सालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रेषित कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रति वर्ष मलेरिया डेंगू से पीड़ित रहवासियों को बीमारी के दौरान तकलीफों का सामना करना पड़ता है। वन क्षेत्रों से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों की तादात बढ़ने से मलेरिया रोधी मच्छरदानियों का वितरण भी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से दिये जाने के निर्देश स्वास्थ्य संचालक द्वारा दिये गये हैं।

उत्तर विधायक ने बाउंड्रीवाल, शौचालय सहित विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 के तहत आने वाले महात्मा गाँधी वार्ड क्रमांक 12 के मधु पिल्ले स्कूल में पहुंचकर वार्ड पार्षद एवं निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद साहू सहित जोन 3 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियन्ता राकेश अवधिया, सम्बंधित अधिकारियों, वार्ड के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की उपस्थिति के मध्य श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर लगभग 28 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से मधु पिल्ले स्कूल में पुराने एवं जर्जर शौचालय का जीर्णोद्धार करने, स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल का निर्माण, वार्ड में स्कूल के समीप सीसी रोड, नाली का निर्माण सहित वार्ड में जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से विविध नवीन विकास कार्य शीघ्र करवाने भूमिपूजन किया एवं जोन कमिश्नर को तत्काल स्वीकृति अनुसार नवीन विकास कार्य प्रारम्भ करवाकर सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तायुक्त विकास कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये। जोन 3 जोन अध्यक्ष एवं पार्षद डॉक्टर प्रमोद साहू ने रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा को सभी वार्डवासियों की ओर से नवीन विकास कार्य प्रारम्भ करवाने पर हार्दिक धन्यवाद दिया।

गुंडागर्दी से त्रस्त महिलाओं ने एसएसपी से की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को रायपुर के टिकरापारा थाने में कई महिलाओं ने पहुंचकर हंगामा किया। उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मठपुरैना इलाके के मोनू साहू समेत कुछ बदमाश लगातार परेशान कर रहे हैं। पहले भी शिकायत की गई लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अब महिलाओं ने रायपुर पुलिस एसएसपी से भी शिकायत की है। महिलाओं का कहना है कि मोहल्ले में चोरी और चाकूबाजी की वारदात बढ़ रही है। एक महिला ललिता पाल ने कहा कि, बदमाश नेपहले मेरे बेटे को मारपीट की। जब थाने पहुंची तो घर में आग लगाने की धमकी भी दी। मैं बहुत परेशान हूं, कल के दिन मेरे बच्चे और आदमी को मार देगा। आग लगा देगा तो इसकी गारंटी कौन लेगा।

'पहले भी की है कई शिकायत'

इस प्रदर्शन के दौरान पीड़ित महिला नेहा साहू ने कहा कि हमने बदमाश मनीष उर्फ मोनू साहू के खिलाफ एक हफ्ते पहले भी शिकायत दर्ज कराई थी। हम लोगों को उससे जान का खतरा है। जिस वजह से हम डर कर आज फिर थाने पहुंचे है। बदमाश को हमने घर पर चोरी करते हुए रंगे हाथ भी पकड़ा है। इसके बाद भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। रास्ते से गुजरते हुए उसने मुझे और मेरे बच्चे को जान से मारने की धमकी भी दी है। हम बहुत परेशान है।

'मेरे लड़के पर पत्थर फेंका, मरते हुए बचा'

टिकरापारा थाने में कई महिलाओं ने एक साथ शिकायत की, इनमें से एक महिला ने कहा कि, आरोपी ने मोहल्ले में विवाद किया और पति पर हमला किया जिससे वे जख्मी हो गए हैं। इसी के साथ उसने मेरे लड़के को भी पत्थर फेंक कर मारा। जिससे वो मरते-मरते बचा। हम गरीब आदमी है, किराए से रहते हैं। क्या करें समझ नही आ रहा।

'जांच कर जल्द गिरफ्तारी'

इस मामले को लेकर टिकरापारा थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे ने कहा कि आरोपी मनीष साहू पर 2-3 साल पहले मारपीट और कुछ अन्य धारा पर अपराध दर्ज हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन भी लिया था। मोहल्ले की महिलाओं ने अब फिर शिकायत की है। जिसकी जांच कर उसे जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की जायेगी।

आपराधिक मामलों को मनोविज्ञान और फोरेंसिक साइंस की मदद से सुलझाएं

■ एम्स में 2 दिनी एफएमटी कॉन' प्रारंभ, देशभर के प्रमुख फोरेंसिक विशेषज्ञ ले रहे भाग

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित मेडिकोलीगल एक्सपर्ट के वार्षिक सम्मेलन 'एफएमटीएमपीसीजीकॉन-VI' में फोरेंसिक मेडिसिन और टाक्सिकोलॉजी के विशेषज्ञों ने फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में आ रहे बदलावों और चुनौतियों पर दो दिवसीय कांफ्रेंस में विमर्श शुरू किया। इस अवसर पर विशेषज्ञों का कहना था कि आपराधिक मामलों को मनोविज्ञान और फोरेंसिक साइंस की मदद से ज्यादा आसानी के साथ सुलझाया जा सकता है।

एम्स के एफएमटी विभाग के तत्वावधान में आयोजित हो रहे वार्षिक सम्मेलन 'एफएमटीएम पीसीजी कॉन-VI' में देशभर के प्रमुख फोरेंसिक साइंस विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इसमें क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन में मनोविज्ञान की भूमिका, पोस्टमार्टम में माइक्रोबायोलॉजी की मदद से विश्लेषण, नवीन रेडियोलॉजी तकनीक, अंग प्रत्यारोपण के नीतिगत और विधिक पक्ष, हिमोरेजिक और पाइजनिंग से होने वाली मृत्यु की जांच में फोरेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका के बारे में बताया जा रहा है। इसमें प्रमुख फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. राघवेंद्र विद्वा और डॉ. एस.आर. गर्ग प्रमुख हैं। एम्स में एफएमटी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णदत्त चावली ने बताया कि कांफ्रेंस में मेडिकोलीगल के विभिन्न मुद्दों के बारे में चिकित्सा विशेषज्ञों में जागरूकता बढ़ाने और मेडिकोलीगल प्रेक्टिशनर्स को नवीनतम तकनीक और तथ्यों के बारे में जानकारी देने के लिए कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कांफ्रेंस में केस बेस्ड प्रजेंटेशन और पोस्टमार्टम के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी बताया जाएगा। कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में अधिष्ठाता (अनुसंधान) प्रो. सरिता अग्रवाल, डॉ. दीपक डिसूजा, डॉ. स्वप्निल आघाडे, डॉ. पंकज घोरमडे ने भाग लिया।

18 और 19 को पशु वध एवं मांस-मटन विक्रय बंद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के अनुपालन में दिनांक 18 दिसम्बर 2023 गुरू घासीदास जयंती, 19 दिसम्बर 2023 संत तारण तरण जयंती के अवसर पर रायपुर परिक्षेत्र में स्थित पशु वध शाला गृह एवं मांस - मटन बिक्री दुकानों को बन्द रखे जाने के आदेश नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिये गये हैं। उक्त अवसर पर किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त कर कार्यवाही की जायेगी और संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

निगम ने छेड़ा रात में सफाई अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा सभी 10 जोनो के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मार्गों में स्वच्छता कायम करने रात्रिकालीन सफाई का विषेष अभियान निरंतर प्रगति पर है। नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सभी जोनों में जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, स्वच्छता अधिकारी रात्रिकालीन सफाई के विषेष अभियान को प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। जोन 1 के गुढियारी मार्ग श्रीनगर सहित विभिन्न मार्गों एवं बाजारो सहित विभिन्न जोनो के बाजारो एवं मार्गों में रात्रिकालीन सफाई का विषेष अभियान चलाकर सफाई मित्रो की सहायता से मार्गों की सफाई करने सहित कचरा एकत्रीकरण कर उसके उठाव सहित स्वच्छता बाजार क्षेत्रो में कायम करने का कार्य किया जा रहा है।

संपादकीय

हंगामों से भरा संसद सत्र

संसद के पिछले कई सत्रों की तरह ही यह शीतकालीन सत्र भी हंगामों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। संसद का सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक में संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बनी थी। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत भी अच्छी हुई थी। संसद में जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो रही थी। और प्रश्नकाल के दौरान भी माननीय संसद अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को उठा रहे थे। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन 13 दिसंबर एक बार फिर संसद की सुरक्षा में सेंध लग गई। दो युवकों ने दर्शक दीर्घा से नीचे कूदकर सदन में स्मोक अटैक कर दिया। इससे पूरा सदन धुंआ धुंआ हो गया और अफरा तफरी मच गयी। निश्चित रूप से संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है और इसे लेकर विपक्ष का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। सदन की सुरक्षा को लेकर विपक्ष ने सदन में जमकर हंगामा किया। जिसकी वजह से कांग्रेस के 9 सीपीआई और डीएमके के 2-2 सदस्यों सहित 15 सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। हंगामा कर रहे इन विपक्षी सांसदों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समझाइश दी थी और उनसे शांति बनाए रखने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि इस घटना से सभी चिंतित हैं और इस पर सदन में व्यापक चर्चा कराई जाएगी। लेकिन विपक्षी सांसद गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग पर अड़े रहे और गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग करते हुए लगातार नारेबाजी करते रहे। नतीजतन इन सांसदों को निलंबित कर दिया गया। अब इस निलंबन को लेकर विपक्ष सरकार पर निशाना साध रहा है और निलंबित सांसद संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसकी वजह से संसद की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन बाधित हुई है। सदन की सुरक्षा में सेंध के मामले को लेकर विपक्ष ने जो अक्रामक रूख अख्तियार किया है। उसे देखते हुए यही लगता है कि यह मामला और तूल पकड़ेगा जिसके चलते संसद का शीतकालीन सत्र भी हंगामों की भेंट चढ़ जाएगा। जबकि इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश होने हैं अब उन पर चर्चा मुश्किल लग रही है। यह ठीक है कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था का तार तार होना बहुत गंभीर घटना है और इसे लेकर विपक्ष का सत्ता पक्ष पर सवाल दागना स्वभाविक है लेकिन इसे लेकर ऐसा भी हंगामा नहीं होना चाहिए की संसद सत्र में कोई कामकाज ही न हो पाए। संसद की कार्यवाही पर प्रतिदिन करोड़ों का खर्च आता है। यदि सत्र हंगामों की भेंट चढ़ जाएगा तो करोड़ों रुपए व्यर्थ हो जाएंगे और महत्वपूर्ण विधेयक अधर में लटक जाएंगे। संसद को सुचारू रूप से चलाना वैसे तो सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी कहलाती है लेकिन विपक्ष को भी चाहिए कि वह सदन के सुचारू संचालन में अपना योगदान दें जब इस घटना पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में बयान दे दिया है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह आश्वासन दे दिया है कि इस चूक केलिए जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की जाएगी प्रथम दृष्टि में दोषी पाए गए आठ सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही कर दी गयी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है तो फिर इसके बाद भी विपक्ष का अपनी मांग को लेकर अड़े रहना और संसद की कार्यवाही को बाधित करना उचित नहीं है। इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि संसद की सुरक्षा में हुई चूक को मुद्दा बनाकर विपक्ष राजनीति कर रहा है। सत्ता पक्ष भी विपक्ष पर आरोप लगा रहा है। इस तरह दोनों ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर संसद की कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं। बेहतर होगा की सत्ता और विपक्ष दोनों मिलकर कोई बीच का रास्ता निकाले जिससे सदन का गतिरोध टूटे और शीतकालीन सत्र की शेष अवधि में संसद का कामकाज सुचारू रूप से चल सके।

छत्तीसगढ़ म अब विष्णुदेव सरकार

राज्य के चौथा अऊ आदिवासी समाज के बनिस पहली मुख्यमंत्री

देव हीरा लहरी

छत्तीसगढ़ राज्य ल बने 23 बछर होगे, अभी तक 5 विधानसभा चुनई होय हे, राज्य म 2023 के विधानसभा चुनई हा दु चरन 7 अऊ 17 नवंबर के सम्पन्न होइस, 3 दिसंबर के नतीजा म भाजपा 54 विधायक के संग जीत हासिल करिस, कांग्रेस के खाता म 35 अऊ 1 गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ले विधायक बनिस। 10 दिसंबर शहीद वीर नारायण सिंह के सहादत दिवस म विधायक दल के नेता बर विष्णु देव साय के नाम म मुहर लगिस। राज्य के चौथा अऊ आदिवासी समाज ले पहली मुख्यमंत्री के रूप म सपथ लिन।

राज्य बने के बाद अब तक के मुख्यमंत्री

अजीत जोगी – राज निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ के पहली मुख्यमंत्री अजीत जोगी बनीस, 1 नवंबर 2000 ले 7 दिसंबर 2003 तक मुख्यमंत्री के रूप म अजीत जोगी के सरकार 3 बछर तक राज करिन। जोगी के सीएम बने ले स्थानीय बड़का नेता मन म नाराजगी रहिस, विद्याचरण शुक्ल मोतीलाल वोरा श्यामाचरण शुक्ल जइसे दिग्गज नेता के बावजूद सोनिया गांधी हा जोगी ल आगु रखिस।

डॉ. रमन सिंह – बछर 2003 म पहली बार विधानसभा चुनई होइस, जेमे कांग्रेस ल हरवा के भाजपा बहुमत के संग सरकार बनाइन, ये बखत मुख्यमंत्री बर रमेश बैस के नाव आगु आय रहिस फेर बैस ह केन्द्र म रहु बोलके मना कर दिस, ओ समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहिस डॉ रमन सिंह ल मुख्यमंत्री बनाय के फैसला लिन काबर कि चुनाव भी येकरे अगुवाई म जिते रहिन। 7 दिसंबर 2003 ले 17 दिसंबर 2018 तक लगातार 3 बार 15 बछर तक रमन राज करिस।

भूपेश बघेल – 15 बछर भाजपा सरकार के बाद 2018 के चुनई म कांग्रेस बहुमत के संग सरकार बनाइन, विधायक दल के नेता बर बड़ खिचतान के बाद भूपेश बघेल ल मुख्यमंत्री बनाइन। ताम्रध्वज साहू चरनदास महंत टी.एस. सिंह देव मुख्यमंत्री के दावेदार रहिन, ये बखत भूपेश हा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष तको रहिस। छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री के मांग सबो कोती रहिस। 17 दिसंबर 2018 ले 10 दिसंबर 2023 तक 5 बछर तक कांग्रेस सत्ता म रहिस।

नवा मुख्यमंत्री – विष्णुदेव साय

जशपुर जिला तहसील कांसाबेल के बगिया गांव म माता जसमनी देवी पिता रामप्रसाद किसान के घर 21 फरवरी 1964 म साय जी के जन्म होय हे। कुनकुरी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय म हायर सेकंडरी के पढ़ाई होईस, 1991 म कौशल्या साथ बिहाव के बाद दो बेटी अऊ एक बेटा होईस। साय जी के राजनीतिक जीवन 1989 म ग्राम पंच ओकर आगु साल निर्विरोध अपने गांव के सरपंच चुने गिस, 1990 म अविभाजित मध्यप्रदेश के तपकरा विधानसभा ले पहली बार विधायक बनिस। 1999 ले 2014 तक तीन बार रायगढ़ लोकसभा ले सांसद चुने गिस, 2014 में भी एक बार चुनाव लड़िस ओमे भी जीत हासिल करे के बाद केन्द्रीय राज्यमंत्री स्पात खान श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के जिम्मेदारी सम्हालिस। 2006, 2011 अऊ 2020 से 2022 तक छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहिन। साय जी भाजपा के राष्ट्रीय कार्यसमिति के विसेस आमंत्रित सदस्य तको हवय। 2023 के चुन?ई म भाजपा विष्णुदेव साय ल जशपुर जिला से कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र बर विधायक प्रत्याशी बनाय रहिस जेमे कांग्रेस के यूडी मिंज से सिधा मुकाबला रहिस येमे मिंज ल 25 हजार वोट ले हरवाके जीत हासिल करिस।

परिवार के सियान मन घलो रहिन राजनीति म

विष्णुदेव साय के परिवार ओ बछत खेती किसानी के संग जनसेवा अऊ राजनीति म घलो रहिन, बबा बुधनाथ साय जनसंघ के समय म 1947-1952 तक विधायक मनोनीत होय रहिन। आपके बड़े बाबू नरहरी प्रसाद साय 1962-1967 तक लैलूंगा विधानसभा ले विधायक, 1972-1977 तक बगीचा विधानसभा ले विधायक अऊ 1967-1979 तक सांसद के साथ केन्द्रीय मंत्री भी रहिन। आपके एक अऊ बड़े बाबू केदारनाथ साय 1967-1972 तपकरा विधानसभा ले विधायक रहिन।

दिलीप सिंह जूदेव लानिस राजनीति म

भाजपा ले दिग्गज नेता अऊ पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिलीप सिंह जूदेव के सबले करीबी खास अऊ विस्वास पात्र संगी रहिस विष्णुदेव, राजनीति म लाय के भी हाथ रहिस जूदेव के।

गणतंत्र की पहचान ''लोकतंत्र'' का संसद में कहीं गला तो घोटा नहीं जा रहा हैं?

राजीव खंडेलवाल

भारत विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए देखी-परखी श्रेष्ठ प्रणाली संसदीय प्रणाली अपनाई गई है। लोकतंत्र के चार खम्भों में से दो खंभे एक संसद व दूसरी सर्वोच्च न्यायालय धरातल पर एक दूसरे के ऊपर सर्वोच्च न होकर पूरक है। परन्तु ''वास्तविकता सत्ता'' तो संसद में ही निहित है, जो जनता को प्रतिबिंबित करती है। संसद लोकतंत्र की वह संस्था है, जहां जनता की समस्त समस्याएं, मुद्दों का सकारात्मक हल खुली बहस के बाद सर्वसम्मति या बहुमत से निर्णय लिया जाकर न्यायलीन समीक्षा के अधीन रहते लागू किया जाता है। यही हमारे संसदीय लोकतंत्र की एक बड़ी छाप रही है।

ताजा मामला कैश-फॉर क्वेरी में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासन का है। मामला गंभीर प्रकृति का होने के बावजूद क्या मामला इतना गंभीर व संगीन था, जहां मात्र ''लॉग इन'' का पासवर्ड अनाधिकृत व्यक्ति को देने के आधार पर एक चुने हुए सांसद को अधिकतम सजा सदस्यता समाप्त की दी जानी चाहिए थी, प्रश्न यह है? यद्यपि ''लॉग-इन'' शेयर न करने का कोई संसदीय नियम नहीं हैं। तथापि नैतिकता के स्तर पर तो यह निश्चित रूप से यह मामला बहुत गंभीर है, इसमें भी कोई शक ही नहीं है। संसद में प्रश्न पूछने का अपना ''लॉग इन पासवर्ड'' किसी अधिकृत दूसरे व्यक्ति को देना निश्चित रूप से गंभीर नैतिक अपराध है, जिसके गंभीर दुरुपयोग की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। परन्तु यह त्रुटि आपराधिक तभी होगा, जब देश की सुरक्षा पर कोई आंच आ जाती, जैसा कि आरोप में शिकायतकर्ता ने लगाया था। हिरानंदानी द्वारा विदेश (दुबई) से प्रश्न पूछने मात्र से ही महुआ मोइत्रा देशद्रोही नहीं हो जाती हैं। देश के कई नागरिक विदेशों सहित दुश्मन देश के नागरिकों से आईएसडी द्वारा बात करते हैं। क्या वे सब भारत के हितों को नुकसान कर देशद्रोही हो जाते है? ''ऐब को भी हुनर की दरकार होती है''। असावधानी, अज्ञानता अथवा बेवकूफी के कारण दुबई में बैठे व्यक्ति को दिया ''लॉग इन'' से देश की सुरक्षा को खतरा वस्तुतः उत्पन्न हुआ क्या? ऐसा कोई दावा अथवा तथ्य सामने नहीं आया। उक्त लॉग इन का (दुरू) प्रयोग? कर सब प्रश्न ''अडानी'' के संबंध में तब पूछे गये थे, जब अडानी के संबंध में पूरा विपक्ष संसद में लगातार प्रश्न पूछ रहा था।

उक्त पूरे प्रकरण में कितनी गंभीर कानूनी त्रुटि हुई और किस तरह से जल्दबाजी में महुआ मोइत्रा को अडानी के खिलाफ प्रश्न पूछने पर ''सूली पर लटकाया'' गया है, यह प्रथम दृष्या स्पष्ट दिखता है। प्रथम उच्चतम न्यायालय वकील जय अनंत देहाद्राई (जो मोइत्रा के पूर्व मित्र थे) के पत्र के आधार पर सांसद निशिकांत दुबे (जिसके खिलाफ महुआ मोइत्रा ने फर्जी डिग्री के आरोप लगाये थे) के अक्टूबर 2022 में लिखे पत्र के आधार पर स्पीकर ने संसद की एथिक्स कमेटी के पास उक्त मामले को भेजा। वह मूल भुगतयमान शिकायतकर्ता न होकर मात्र एक माध्यम है, जिसने उस व्यवसायी दर्शन हिरानंदानी की शिकायत दर्ज कराई जिसके द्वारा पहले इंकार के चार दिन बाद शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था। हिरानंदानी सीधे शिकायतकर्ता नहीं थे। मोइत्रा और दुबई में बैठा व्यक्ति (हीरानंदानी) के बीच हुए कुछ ''चैट'' और लॉग इन पासवर्ड को शेयर कर यह आरोप लगाया कि महंगे गिफ्ट व कैस के बदले में मोइत्रा ने संसद में प्रश्न पूछने के लिये अपना ''लॉग इन'', पासवर्ड हिरानंदानी के साथ शेयर किया और दुबई में रहकर मोदी को बदनाम करने के लिए अडानी के विरुद्ध प्रश्न पूछे गये। ''ऊंट की चोरी ऐसे निहुरे निहुरे थोड़े ही होती है''।

वास्तविक शिकायतकर्ता हिरानंदानी का एक शपथ पत्र जो एक सादे कागज पर (लेटर हेड या स्टांप पेपर पर नहीं) एथिक कमेटी के सामने प्रस्तुत किया गया। परन्तु आश्चर्य की बात यह थी न तो उस व्यक्ति को एथिक कमेटी के दौरान जांच के लिए बुलाया गया और न ही उससे ऑनलाईन किसी तरह की पूछताछ की गई, जिस तरह की पूछताछ महुआ मोइत्रा को एथिक कमेटी में बुलाकर की गई। शिकायतकर्ता एवं गवाह से प्रतिप्रश्न (क्रॉस एग्जामिनेशन) का अधिकार एक आरोपी सांसद का संवैधानिक अधिकार है, जिसका पालन न करने पर पूरी कार्यवाही स्वयमेव अवैध होकर प्रारंभ से ही शून्य हो जाती है, जैसा कि उच्चतम न्यायालय ने उनके निर्णयों में यह न्यायिक सिद्धान्त प्रतिपादित किया

मामला संसद के अंदर का नहीं है, जहां सामान्यतः उच्चतम न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करती है। मामला संसद के बाहर का है और वैसे भी संसद के अंदर भी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन किया ही जाना चाहिए। जब किसी व्यक्ति के खिलाफ संसद की कार्यवाही करने जा रही है तब उस अभियोगी सांसद को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए। 600 पेजों (495 एनेक्सर्स सहित) की रिपोर्ट को दो घंटे में पढ़कर सांसदों द्वारा बहस कर सुनवाई का अवसर न देने के बराबर ही यह बहुत आवश्यक है क्योंकि कहते हैं कि ''अंतर अंगुली चार का झूठ सांच में होय''। वैसे भी विशेषाधिकार समिति ने सजा निष्कासन की सजा तय कर.सिफारिश करने की त्रुटि है। समिति को सिर्फ दोषी पाया जाकर सजा देने के लिए संसद के पास आवश्यक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट देनी चाहिए थी। सजा की प्रकृति व परिभाषा तय करने का अधिकार संसद को ही है। पार्टी द्वारा व्हिप जारी करना भी प्राकृतिक न्याय के विरूद्ध है। संसदीय मंत्री द्वारा संसद में यह कहा गया कि इसके पूर्व भी जब इसी तरह के पुराने मामले में वर्ष 2005 में 10 लोकसभा के सदस्यों की सदस्यता समाप्त की थी। तब तत्कालीन स्पीकर सोमनाथ चटर्जी ने उन निष्कासित सदस्यों को बोलने का अवसर नहीं दिया था। इसी को कहते हैं, ''औरों को नसीहत खुद मियां फजीहत''। उक्त प्रकरण वर्तमान प्रकरण से इस कारण से भिन्न हैं कि वहां पैसे के बदले प्रश्न के मामले में स्टिंग ऑपरेशन हुआ था, माननीय सांसदगण नोटों के साथ पकडे गये थे। उनके वीडियो भी बायकायदा केमिकल जांच में सही पाये गये थे। परन्तु यहां पर किसी तरह का सबूत प्रस्तुत नहीं किया, सिवाय उस व्यक्ति के शपथ पत्र के जिसने पहले तीन दिन पूर्व संबंधित मामले से इंकार कर दिया था।

परन्तु सवाल यह है कि ''लॉग इन'' का उपयोग अथवा दुरुपयोग करके संसद या देश की कौन सी सार्वभौमिकता, अखंडता पर ''प्रहार'' हुआ है, यह बात जब तक सिद्ध न हो जाये, तब तक कोई भी कार्यवाही बेमानी होगी। इस अपराध के लिए कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं कराई गई है। न ही हिरानंदानी के खिलाफ और न ही महुआ मोइत्रा के खिलाफ इस मामले के पहले के एक मामले में दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा संसद में साथी सांसद को अपशब्द, गाली आदि देने पर इसी तीव्रता से कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच भी प्रारंभ हुई कि नहीं यह भी संज्ञान में नहीं है। लोकतंत्र में विपक्ष को यदि इस तरह से कुचलते रहेंगे तो, लोकतंत्र कैसे मजबूत होगा? यह सबको सोचने की आवश्यकता है। तथापि यह सत्ता पक्ष का काम नहीं है कि विपक्ष को मजबूत करे। परन्तु साथ ही सत्ता पक्ष का यह भी काम नहीं है कि वह विपक्ष को क्षेत्राधिकार के बाहर जाकर प्रचंड बहुमत के आधार पर कुचलने का कार्य करे।

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1631 इटली के माउंट विसुवियस में ज्वालामुखी विस्फोट से छह गांव तबाह हुए और चार हजार से अधिक लोग मारे गये। 1653 ओलिवर क्रॉमवेल इंग्लैंड के राष्ट्रमंडल के लॉर्ड प्रोटेक्टर बने। 1707 जापान में माउंट फूजी का अंतिम रिकार्ड विस्फोट किया। 1707 जापान के माउंट फुजी पर्वत में अंतिम बार ज्वालामुखी विस्फोट हुआ। 1740 पर्शिया के फ्रेडरिक द्वितीय ने ऑस्ट्रिया के उत्तराधिकार को युद्ध को शुरू करने और सिलेसिया के हैब्सबर्ग कब्जे पर हमला किया। 1838 बोअर्स ने रक्त नदी के युद्ध में जुलस के ऊपर निर्णायक विजय हासिल की। 1840 मौत के 19 साल बाद फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट का अंतिम संस्कार किया गया। 1854 अमेरिका के फिलाडेल्फिया में पहली बार सड़क की सफाई करने के लिए मशीन का इस्तेमाल किया गया।1862 नेपाल ने अपने राज्य के संविधान को स्वीकार किया। 1873 हेनकेन ब्रुएरी की स्थापना एम्स्टर्डम नीदरलैंड्स में की गई। 1971 भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से पृथक होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना।

QUIZ TIME

1) हाल ही में नये भारत का सामवेद पुस्तक का विमोचन किसने किया?

2) कम्युनल अवार्ड किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया?

3) डेविस कप 2023 का खिताब हाल ही में किसने जीता?

4) भारत के लिए संविधान सभा की रचना हेतु संविधान सभा का विचार सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया?

5) सियाचिन ग्लेशियर के ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर का नाम क्या है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद (2) रैम्जे मैक्डोनाल्ड (3) इटली (4) स्वराज पार्टी ने 1924 में (5) फातिमा वसीम

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -274

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 273 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	य
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	वा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		बे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:12, सूर्यास्त : 05:31, चन्द्रोदय : 09:27, चन्द्रास्त : 19:40, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : उत्तराषाढ, योग : ध्रुव, प्रथम करण : तैतिल (11:44 तक), द्वितीय करण : गर (22:30 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मकर, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:51 से 12:32, अमृत काल : 24:29 से 25:58, सर्वार्थसिद्धि योग : 30:24 से 31:06, रवियोग : 08:10 से 30:24, विजय मुहूर्त : 13:54 से 14:35, गोधूलि मुहूर्त : 17:16 से 17:44, सायाह्न सन्ध्या : 17:19 से 18:41, निशिता मुहूर्त : 23:45 से 24:40, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 14:45 से 16:02, दुर्मुहूर्त : 09:08 से 09:49।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन किसी पुराने कार्य में सफलता दिलाएगा लेकिन आज परिजन आपसे किसी न किसी बात को लेकर असंतुष्ट ही रहेंगे।

वृषः आज के दिन आपका मन धार्मिक भावना से भरा रहेगा।

मिथुनः आज के दिन आपके शरीर में कुछ ना कुछ व्याधि लगी रहेगी। दिन के आरंभ से ही सर दर्द अथवा भारीपन अनुभव होगा सर्दी जुखाम की शिकायत भी हो सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा लेकिन आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों अथवा किसी अन्य से बहस करना भारी पड़ सकता है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे बेमन से ही करेंगे। सेहत में छोटा-मोटा विकार आएगा।

कन्याः आज के दिन आपका बुद्धि विवेक प्रखर रहेगा सामाजिक क्षेत्र पर किसी विवाद को सुलझाने के के लिए आपका सहयोग लिया जाएगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए विविध उलझनों से भरा रहेगा दिन के आरंभ में ही किसी कुटुंबीजनों से झगड़ा होने का भय सताएगा जो कि टलते-टलते मध्यान्ह के आसपास होकर ही रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए धन लाभ वाला रहेगा। लेकिन बीते दिन की तुलना में आज सुख सुविधा की कमी भी अनुभव करेंगे।

धनुः आज के दिन आपका स्वभाव एवं व्यवहार किसी को भी समझ में नहीं आएगा।

मकरः आज के दिन आपको अपने सामाजिक व्यवहारों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

कुंभः आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। किसी भी कार्य में जोर-जबर्दस्ती ना करें ना ही किसी के ऊपर अनैतिक कार्य करने का दबाव डालें।

मीनः आज के दिन आप किसी निकटस्थ जानकार के प्रति ईर्ष्या की भावना से ग्रस्त रहेंगे।

न्यूज गैलरी

सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रखर राष्ट्रवादी नेता

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी ने 15 दिसम्बर को सिम्स परिसर में पूर्व उप प्रधानमंत्री,गृह मंत्री ,भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि मनाई गई और उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे, जिन्होंने गांधी जी की हत्या के बाद आरआरएस पर प्रतिबंध लगा कर बड़ा सन्देश दिया ,जो देश की एकता ,अखण्डता को तोड़ने का काम करेगा , जिनकी मेहनत से आज़ादी मिली है उन पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नही किया जाएगा। देश के रियासतों के एकीकरण के कारण उन्हें भारत का बिस्मार्क कहा गया, बारडोली और खेड़ा आंदोलन के बाद सरदार की उपाधि दी गई।

ज़फ़र अली, हरीश तिवारी,एसएल रात्रे, चंद्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक सामान्य कृषक परिवार से थे,जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर बेरीस्टर बने ,गांधी जी प्रभावित होकर आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े ,उन्होंने दो सफल आंदोलनों का नेतृत्व किया,15 दिसम्बर 1950 को उनका निधन हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित थे शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली, एसएल रात्रे,हरीश तिवारी, चंद्र प्रकाश बाजपेयी,माधव ओतलवार,त्रिभुवन कश्यप, चन्द्र शेखर मिश्रा, विनोद साहू, अनिल सिंह चौहान,राम प्रसाद साहू, सीमा घृटेश, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, सुदेश नन्दिनी,सुभाष ठाकुर,मनोज सिंह, दिनेश सूर्यवंशी,राम दुलारे रजक,राजेश शर्मा,दीपक रेचेलवार,मनोज शर्मा,सत्येंद्र तिवारी,गौरव एरी,ब्राजेश साहू,शिव खंडे, आदि उपस्थित थे।

आटो में बुजुर्ग महिला हुई लूट का शिकार

बिलासपुर। शहर में बुजुर्ग महिला से शातिर तरीके से ठगी का मामला सामने आया है. दो अज्ञात आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर गहने उतरवा लिए और बदले में नकली जेवर थमाकर भाग निकले. मामले में महिला की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है. यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अयोध्या नगर में रहने वाली 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला महाराणा प्रताप चौक से नूतन चौक जाने के लिए आटो में बैठी. उसके साथ दो अज्ञात युवक भी उसी ऑटो में बैठ गए. बुजुर्ग महिला सोने का हार और हाथ में कंगन पहनी हुई थी. जिसे अज्ञात आरोपियों ने निकाल लिया और महिला को वेयर हाउस रोड के पास ऑटो से उतार कर दूसरे आटो में बैठा दिया. बुजुर्ग महिला कुछ समझ पाती उससे पहले ही दोनों मौके से भाग गए. जिसके बाद महिला ने इस बात की जानकारी परिवार वालों को दी और परिजनों के साथ सिविल लाइन थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई है. मामले की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

भाजपा की सरकार बनते ही मोदी की गारंटी पर काम शुरू- चंद्रप्रकाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जज द्वारा प्रथम कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ के हित में जो फैसले लिए गए हैं हम उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करते हैं, चुनाव के पूर्व ही कहा गया था कि सरकार बनते ही गरीबों को वंचितों को शोषितों को आवास दिया जाएगा इसी तारमय मे 18 लाख आवास छत्तीसगढ़ में बना कर दिया जाएगा। मोदी की गारंटी के तहत 2 साल का बोनस देने की बात कही गई थी। 2 साल का बोनस किसानों को दिया जाएगा ऐसे ही और कई महत्वपूर्ण निर्णय कैबिनेट की प्रथम बैठक में ली गई है। भाजपा की सरकार मतलब सुशासन की सरकार, 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में हम सब मनाएंगे और 25 दिसंबर को ही सभी किसानों को 2 साल का बोनस दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में लिखी जाएगी छत्तीसगढ़ विकास की एक नई इबादत छत्तीसगढ़ को मिलेगी एक नई पहचान छत्तीसगढ़ के मुखिया कैबिनेट के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं आपके इस प्रथम प्रयास से ही छत्तीसगढ़ की जनता आपकी गारंटी को स्वीकार करते हुए आपके साथ चलने को तैयार है।

राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में बाल भारती स्कूल ने मारी बाजी

सीपत/नवप्रदेश। रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में बाल भारती विद्यालय सीपत की कक्षा दूसरी की छात्रा अलीशा सिंह ने 500 मीटर ,1000 मीटर व रोडलैप के प्रत्येक वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया है। बता दें कि अलीशा सिंह का चयन 61 वें राष्ट्रस्तरीय स्केटिंग खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि 15 से 25 दिसंबर तक चेन्नई में होने वाली है। वहीं कक्षा दसवीं की छात्रा तनीषा साहू ने 30 नवंबर से 3 दिसंबर 2023 तक देहरादून में आयोजित राष्ट्रस्तरीय बालिका वर्ग ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर अपने विद्यालय एवं बिलासपुर जिले का मान बढ़ाया है। कक्षा दसवीं की छात्रा दीया आहूजा ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर बड़ोदरा गुजरात में होने वाली अंडर 17 बालिका वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। विद्यालय के प्राचार्य श्री शलभ निगम जी ने छात्राओं की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी तथा राष्ट्रस्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित भी किया।

सीपत में राउत नाच महोत्सव 17 को

सीपत/नवप्रदेश। यादव समाज व ग्राम पंचायत सीपत के संयुक्त तत्वाधान में तहसील परिसर सीपत में 17 दिसंबर दिन रविवार को रावत नाच महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमे विभिन्न ग्रामो के यदुवंशी नर्तक दल गड़वा बाजा की धुन पर आकर्षक वेशभूषा के साथ सज संवरकर अपनी शौर्य एवं कला का प्रदर्शन करेंगे। बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर के द्वारा प्रथम पुरुस्कार सात हजार रुपए व शील्ड , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को जनपद सभापति श्रीमती मेघा सुनील भोई की ओर से चार हजार रुपए व तृतीय स्थान वाले दलों को जितेंद्र कुंभकार के द्वारा तीन हजार व बजरंग जायसवाल द्वारा सांत्वना पुरुस्कार के रूप में पांच सौ रुपए व शील्ड प्रदान किया जाएगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर , कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव समाज के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव व विशिष्ट अतिथि के रुप में जनपद सभापति श्रीमती मेघा सुनील भोई आदि रहेंगे उपस्थित।

10 सिटी बसों का बीमा खत्म, थमे पहिए, यात्रियों की बढ़ी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में सिटी बसें बीमार होने लगी हैं। सिटी बसें एक-एक कर कंडम हो रही हैं। इधर 10 सिटी बसों का इंश्योरेंश खत्म हो चुका है, जिसकी वजह से इनके पहिए थम गए हैं। अब तक इंश्योरेंश को रिन्युअल कराने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। बिल्हा रूट पर चल रही सिटी बस का ब्रेक फेल होने से माल वाहक वाहन को बस ने टक्कर मार दी, जिस पर वाहन मालिक ने शिकायत दर्ज कराई है।

जिले में चल रही सिटी बसें दिनों दिन जर्जर हो होती जा रही हैं, फिर भी इन्हें दौड़ाया जा रहा है। अब इनमें से 10 बसों का इंश्योरेंस भी समाप्त हो चुका है। इंश्योरेंस रिन्युअल नहीं कराने से बस को डीपो में ही खड़े रहने दिया गया है। इन 10 बसों के नहीं चलने से रूप में यात्री परेशान हो रहे हैं। इधर अधिकारियों का कहना है कि बस नहीं खड़ी हैं और इंश्योरेंस की देखरेख ठेकेदार करता है जबकि इसकी मॉनिटरिंग अधिकारी को भी करने रहना है, लेकिन ये अधिकारी झांकने तक नहीं पहुंचते हैं। वहीं अधिकारी दावे के साथ कह रहे हैं कि बसों को इंश्योरंश नहीं खत्म हुआ है जबकि हकीकत इसके उलट है। अधिकारी भी जानकारी छिपाने लगे हैं ताकि जवाब देने से बच सकें। कंडम बसों को चलाने से बस के चालक भी डर रहे हैं, क्योंकि आए दिन कुछ न कुछ घटनाएं घट रही हैं, पर अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। ठेकेदार रायपुर में रहता है, वह भी यहां वाहन की देखरेख के लिए नहीं पहुंचता।

16 बसों का संचालन

बीते दिनों तक लगभग 20 से अधिक सिटी बसें चल रही थीं, लेकिन जब से 10 सिटी बसों का इंश्योरंश खत्म हो गया है तब से ये बसें भी खड़ी हो गई। अधिकारी दावा तो करते हैं कि 30 से अधिक बसें चलती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत देखा जाए तो अब सिर्फ 15-16 बसें ही चल रहीं हैं। बस नहीं चलने से यात्री खासा परेशान हैं। कोई भी बस किसी भी रूट में चल रही है। ठेकेदार मनमानी के अनुसार बसों का संचालन करा रहे हैं। अधिकारी भी आंख बंद कर काम कर रहे हैं।

बुलाने पर भी नहीं पहुंचा ठेकेदार

सिटी बस के नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी ने 25 दिन पहले कहा था कि कमिश्नर ने ठेकेदार को आने के लिए कहा है। इसके बाद निर्णय लिया जाएगा, लेकिन इनते दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुध नहीं ले रहा है। अधिकारियों का कहना है कि उनके घर में गमी हो गई है। जबकि कई बार ड्राइवरों ने मिलने और बात करने की बात कही, पर अब तक कोई नहीं पहुंचा है।

ब्रेक फेल, बिल्हा फाटक के पास हुआ हादसा

बिल्हा फाटक के पास सिटी बस का ब्रेक फेल हो गया और सामने वाहन को ठोकर मार दी, जिसके बाद खूब गहमा-गहमी मची। जानकारी के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मालिक ने 50 हजार रुपए की मांग रखी। सिटी बस ठेकेदार ने देने से मना कर दिया। वह सिर्फ 2 हजार देकर चलता करना चाह रहे थे, लेकिन दुर्घटनाग्रस्त वाहन के मालिक ने नहीं माना। टीआई किशोर केवट ने बताया कि ब्रेक फेल की वजह से बस ने ठोकर मारी है। शिकायत दोनों पक्षों से मिली है, जांच की जा रही है।

ड्राइवरों का रोका पेमेंट

सिटी बस चला रहे ड्राइवरों में कुछ का तो मासिक पेमेंट कर दिया गया है, लेकिन कई लोगों को अब तक नहीं दिया गया है। जबकि अधिकारियों का कहना था कि 14 दिसंबर तक आ जाएगा, पर अब तक पेमेंट नहीं आया है। इसके चलते ड्राइवर भी परेशान हैं। घर का खर्च कैसें चलाए, इस सोच में पड़े हुए हैं।

शहर के अंदर कचरा डंपिंग यार्ड, बदबू से त्रस्त परेशान

बिलासपुर. स्वच्छ भारत मिशन का शहर में पालन नहीं हो रहा है। शहर के कई इलाकों में डंप हो रहे कचरे से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। मंगला रोड पर सड़क किनारे और शहर के जवाली नाली को ढंककर बनाए गए बाइपास रोड के किनारे ठेका कंपनी कचरा डंप कर रही है। यहां से गुरजने वाले कचरे से उठती बदबू से परेशान हैं। निगम अधिकारियों के मॉनिटरिंग नहीं करने से ठेका कंपनी के कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। शहर के पुराना बस स्टैण्ड समेत कई क्षेत्रों में कचरा डंप हो रहा है।

शहर के कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। पुराना बस स्टैण्ड में पिछले 4 दिनों से दुकानों से निकालने वाला कचरा दुकानदार नुक्कड़ पर डाल रहे हैं। यहां कई दुकाने हैं और कचरे का उठाव नहीं होने के कारण लगातर बदबू उठने से लोग हलाकान हो रहे हैं। होटल, स्पेयरपार्ट्स और दो व चार पहिया वाहनों की मरम्मत कराने पहुंचने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। हालात तो यह है कि यहां की गंदगी के कारण कई दुकानदारों ने पिछले 2-3 दिनों से दुकान ही नहीं खोली है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली ठेका कंपनी रामकी के कर्मचारी शहर से कचरा उठा तो रहे हैं, लेकिन इसे नियमानुसार कछार ले जाने के बजाए शहर के भीतर ही डंप कर रहे हैं। राजेन्द्र नगर से लेकर जवाली पुल तक नाले के ऊपर ढलाई कर बनाए गए बाइपास रोड के किनारे कर्मचारी कचरा डंप कर रहे हैं।

कचरा इतना कि जलाना पड़ रहा

शहर के भीतर बाइपास रोड के किनारे डंप किए जा रहे कचरे का निराकरण नहीं होने और बदबू उठने से छुटकारा पाने के लिए आसपास के लोगों को कचरे को आग के हवाले करना पड़ रहा है। नियम के तहत ठेका कंपनी को नियमित रूप से कचरा उठाकर कछार स्थित प्लांट ले जाना है, लेकिन यह काम नहीं होने के कारण लोग और राहगीर बदबू से परेशान हैं।

श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुनकर आत्मविभोर हुए भक्त

बिलासपुर/ नवप्रदेश। सत्ती चौक, राजकिशोर नगर में स्व. डॉ बलभद्रशरण सिंह स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को 7वें दिन भी काफी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु शामिल हुए। भागवत कथा में भजन कीर्तन के साथ सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक आचार्य नीरज भूषण मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का बड़े ही मार्मिक चित्रण किया गया। श्री मिश्र ने भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा के मित्रता के बारे में विस्तार से बताया। संदीपनी आश्रम में उनके द्वारा किए गए सेवाओं का उल्लेख किया। आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का विस्तार करते हुए बताया कि राग द्वेष जहां भी रहते हैं, व्यक्ति को दुख ही देते हैं। दूसरों के गुण दोषों का चिंतन करने से ही राग- द्वेष की उत्पत्ति होती है, इनका सर्वथा परित्याग करना चाहिए। क्योंकि गुणों के चिंतन से राग उत्पन्न हो जाता है और दोषों के चिंतन से द्वेष, इन दोनों के चिंतन से संसार के लोग दुश्मन और दोस्त बन जाते हैं और हमारी शांति सर्वदा के लिए भंग हो जाती है। यदि आप शांति प्राप्त करना चाहते हैं तो राग-द्वेष का सर्वथा परित्याग कर देना चाहिए।

सज गया क्रिसमस बाजार, सांता क्लॉज, टोपियां और ट्री की हो रही बिक्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। दुनियाभर में ईसाई समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व को लेकर शहर में अभी से काफी उत्साह दिखई देने लगा है। इस त्योहार को लेकर बाजार भी सज चुका है। जहां एक से बढ़कर एक क्रिसमस आइटम बिक्री के लिए आ चुके हैं। इसी वजह से अभी से क्रिसमस बाजार में बड़ी संख्या में ईसाई धर्म के लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

शहर के तेलीपारा रोड स्थित वृंदावन परिसर, तारबहार चौक, जरहाभाठा के सुभाष काम्पलेक्स, मुंगेली नाका रोड, तोरवा पावर हाउस के साथ ही माल में क्रिसमस के लिए बाजार सज चुके हैं। जबकी पर्व को लेकर अभी में दो सप्ताह से ज्यादा का समय शेष है। बाजार में विभिन्न डिजाइन के सांता क्लाज, चरनी सेट, स्टार, सांता क्लाज ड्रेस, बच्चों के ड्रेस, इलेक्ट्रिकल डेकोरेशन आइटम, क्रिसमस ट्री की बड़ी रेंज उपलब्ध है।

वृंदावन परिसर के थोक दुकानदारों का कहना है कि इस बार क्रिसमस बाजार में पहले से ही रौनक आ गया है, ऐसे में इस बार धूमधाम से पर्व मनाने की संभावना और भी प्रबल हो गया है। इसी संभावना को देखते हुए बाजार में अधिक से अधिक क्रिसमस सामान उतारा गया है। ऐसे में मसीही समाज के लोग अभी से सजावटी सामान में स्टार, ट्री, रंग-बिरंगे लाइट की खरीदी करने लगे हैं। वही इन सब में सबसे ज्यादा डिमांड स्टार की बनी हुई है। इस बार नए और साइज में कुछ बड़े स्टार भी बाजार में लाया गया है। इनकी कीमत 100 से 500 रुपये तक

इलेक्ट्रानिक्स सांता क्लाज भी

इस बार साइज में बड़े सांता क्लाज बनाए है। इनमें हवा भरकर इन्हें आकार दी जाती है। इसमें कई इलेक्ट्रानिक्स सांता क्लाज भी है, जो मूवमेंट भी करते हैं। जो बच्चों को खूब पसंद आ रहे हैं। इनकी कीमत 300 से एक हजार रुपये तक निर्धारित की गई है। तेलीपारा के वृंदावन परिसर में इनकी बड़ी रेंज रखी गई है।

छोटे से लेकर बड़े क्रिसमस ट्री

क्रिसमस ट्री का भी बाजार सज चुका हैं। छोटे से लेकर आठ फीट लंबे क्रिसमस ट्री भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में आर्टिफिशियल पौधे 20 से लेकर 500 रुपए तक बेचे जा रहे हैं। क्रिसमस ट्री पर सजाने के लिए स्टार, चाकलेट, बल्ब और अन्य कई छोटे-छोटे खिलौनों की खरीदारी भी खूब हो रही है।

सूने मकान से सोने चांदी के जेवर चोरी करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी प्रवेन्द्र बुंदेला निवासी देवरीखुर्द के द्वारा अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थी के निवास से अलमारी का लॉकर तोडकर उसके रखे सोने चांदी के जेवर नगदी रकम एवं चांदी का हाथी के चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 526 / 2023 धारा 457,380, भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया । इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह अति0 पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार को दी गई थी जिस पर तत्काल अज्ञात आरोपी की पता तलाश कर धरपकड करने के निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम तैयार कर पता तलाश की जा रही थी जो पता तलाश दौरान तोरवा पुलिस ने मुखबिर से सूचना पर विधि से संघर्षरत बालक को पकडकर पूछताछ किया जिससे पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया जिनके कब्जे से चोरी गये चांदी का हाथी 1 नग चांदी का पायल, चांदी का अंगूठी, सोने का टॉप्स 02 नग सोने की फुल्ली जप्त किया गया है। उक्त विधि से संघर्षरत बालक लगातार चोरी कर रहा है जिसे रोकने के उद्देश्य से यायालय के दिशा निर्देशो को ध्यान में रखकर न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश किया गया है।

दो साल का बोनस देने की घोषणा से खिले किसानों के चेहरे

सीपत/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार के पहले ही दिन 18 लाख प्रधानमन्त्री आवास और किसानों को 2 साल का भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वर्ष 2016-17 और वर्ष 2017-18 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को प्रति क्विंटल तीन सौ रुपये बोनस देने की बात कही थी।चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई है और अब सरकार के बोनस देने की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं ने खुशी जाहिर की है। घोषणा को लेकर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के सह कोषाध्यक्ष बीपी सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों को दो साल का बोनस देने की घोषणा से किसानों के चेहरे पर खुशी दिख रही है उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसान हित में बोनस देने की घोषणा से प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिली यह किसानों के हित में लिया गया सबसे बड़ा निर्णय है। केबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची के पात्र शेष परिवारों (699439) एवं आवास प्लस सूची के पात्र परिवारों (819999) की स्वीकृति की जायेगी।

ओवर लोड ट्रक को रोका तो युवकों ने टोल प्लाजा के मैनेजर की कर दी पिटाई

बिलासपुर। भोजपुरी टोल प्लाजा में ओवर लोड ट्रक रोकने पर कार सवार युवकों ने मैनेजर की पिटाई कर दी है। साथ ही अपनी कंपनी के ट्रक रोकने पर जान से मारने की धमकी दी है। मैनेजर ने घटना की शिकायत हिर्री थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। हिर्री क्षेत्र के भोजपुरी टोल प्लाजा के मैनेजर सुमित चौधरी ने मारपीट की शिकायत थाना में की है।

मैनेजर ने बताया कि तनु जैन और साहिल पठान टोल प्लाजा में आए। उन्होंने कर्मचारी सुरेंद्र सिंह, सतीश और अमरीश को ट्रक रोकने पर गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसे देख टोल प्लाजा के मैनेजर सुमित वहां पहुंचकर कार सवार युवकों को समझाईश देने लगे। इस पर युवकों ने टोल प्लाजा में ओवर लोड ट्रकों को रोकने की बात को लेकर मैनेजर से भी गाली-गलौज की। साथ ही उनकी कंपनी के ट्रक रोकने पर जान से मारने की धमकी देते हुए साहिल पठान ने मैनेजर की पिटाई कर दी। उन्होंने मैनेजर और उनके कर्मचारियों को झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दी। मारपीट के बाद मैनेजर ने घटना की शिकायत हिर्री थाना में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

मौसम — **पश्चिमी विक्षोभ के चलते आएगा मौसम में बदलाव**

उत्तरी हवाओं से मौसम सर्द, गिरा पारा

बिलासपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में अब ठंडी व शुष्क हवाओं के चलने से ठिठुरन बढ़ने वाली है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार शुक्रवार से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड में बढ़ोतरी होगी। विज्ञानियों ने इस वर्ष अच्छी ठंड पड़ने की उम्मीद जताई है। बिलासपुर 11.5, रायपुर 14.3 अंबिकापुर 7.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। प्रदेश में सरगुजा संभाग में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा। हालांकि बिलासपुर व पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। बिलासपुर का न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस और पेंड्रा रोड का न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों ही क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा।

गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी

ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री भी बढ़ गई है। राजधानी में कई स्थानों पर सजीं गर्म कपड़ों की दुकानों पर अब भीड़ देखी जा रही है। इसमें 20 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है। कारोबारियों ने इस वर्ष अच्छे कारोबार की उम्मीद जताई है।

अधिकतम तापमान में परिवर्तन नहीं

एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में पश्चिम से आ रही है, जो 5.8 किलोमीटर पर 58 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में कल दिनांक 16 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण नमी में वृद्धि होने सम्भावना है, जिससे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

बादल छटने के बाद ठंडक बढ़ने लगी

बादल छटने के बाद पूरे प्रदेश में दिन का पारा स्थिर तो रात का बढ़ने लगी ।बीते कई दिनों से रात में ठंडक बढ़ने लगी है। जहां दिन का पारा 25 डिग्री तो रात का 15 डिग्री हो जाती है। जिसकी वजह से रात को और ठंड बढ़ने लगी है। शाम को 4 बजे के बाद से ही ठंड लगना शुरू हो जाती है ।रात 10 बजे से ओस गिरना शुरू हो जाती है। रात देर रात होते ही न्यूनतम पारा 14 तक घट जाती है। प्रदेश में सबसे न्यूनतम तापमान अंबिकापुर 7.7 डिग्री तो सबसे अधिक रायपुर की 14 तक हो जाती है। ऐसे में ग्रामीण अंचलों में ठंड के साथ कोहरे भी छा जाती है।

विधायक नेताम सुबह-सुबह पहुंचे जिला अस्पताल, जाना व्यवस्था का हालचाल

अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक आशा राम नेताम अपनी दिनचर्या में रोजाना आमजनो से मुलाकात करने का नियम बना लिया है।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए लोगों से मिलकर समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने आश्वस्त किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह विधायक आशा राम नेताम जिला अस्पताल पहुँचकर हर वार्ड में जाकर लोगों का कुशल क्षेम जानकर उपस्थित मेडिकल स्टॉफ से स्वास्थ्य को लेकर और भी बेहतर प्रयास करने की बात कही। इस दौरान विधायक आशा नेताम ने जिला अस्पताल में हो रहे निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया. जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान विधायक ने भाजपा मंडल के कोषाध्यक्ष समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी को अस्पताल की समस्याओं की जिम्मेदारी से अवगत कराने किए कहा गया।

विधायक आशा नेताम के अस्पताल में भर्ती मरीजो से मुलाकात करने के दौरान विधायक को मरीजो से स्टॉफ ने पानी की किल्लत से अवगत कराया और मेडिकल कॉलेज के डीन के साथ बैठक कर अस्पताल की अन्य समस्याओं को जल्द पूर्ण करने की बात कही गई।

विधायक नेताम ओपीडी पहुंचे जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर मनीष जैन सहित अस्पताल स्टॉफ से कहा की जो भी समस्या हो मुझे अवगत कराए इसके अलावा जिला अस्पताल को रेफर सेंटर के रूप में जाना जाने लगा है वो स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। भाजपा सरकार स्वास्थ्य को लेकर बेहद संवेदनशील है सरकार से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया है। जिला अस्पताल जहां जिले के हर कोने से लोग बेहतर इलाज के लिए आते है इस अस्पताल में भर्ती मरीजों की बेहतर देखभाल अस्पताल से मिलने वाला भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाने का निर्देश दिया गया है।

अस्पताल परिसर में गंदगी करने वालों से वसूले जुर्माना- विधायक आशा राम नेताम ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी को लेकर अस्पताल स्टॉफ से कहा कि गुटखा खाकर इधर उधर थूकने वालों से सौ रुपए जुर्माना वसूल किए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही किसी भी प्रकार के पॉलिथीन डिस्पोजल पानी बोतल को डस्टबिन में डालने प्रोत्साहित करने कहा है। अस्पताल को साफ सुथरा रखने पर जोर देने की बात कही है।

डाक्टर की अनुपस्थित पर जताई नाराजगी

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान विधायक आशा नेताम करीब एक घंटे से अधिक समय तक लोगों से मुलाकात करते रहे इस दौरान आमजनों ने शिकायत करते हुए बताया की अपने तय समय से कभी भी कोई भी डॉक्टर अस्पताल में नहीं मिलते घंटों इंतजार के बाद डॉक्टर मिलते है। डॉक्टरों की घोर लापरवाही पर विधायक नाराज दिखे उन्होंने आमजनो सहित मरीजों को आश्वस्त करते कहा की बहुत जल्द शिकायत का समाधान करेंगे।

> मैं नेता नहीं जनता का सेवक हूं मेरी दिनचर्या में आमजनों से रोजाना मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता है।जिला अस्पताल का निरीक्षण किया है। शिकायत और समस्याएं बहुत ज्यादा है। जिला अस्पताल को रेफर सेंटर कहा जाता है लेकिन भाजपा सरकार में इसकी परिभाषा बदली जाएगी।जल्द मेडिकल कालेज के डीन सहित स्वास्थ्य अफसरों की बैठक लेकर शिकायत और समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा।स्वास्थ्य को लेकर कोताही कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> **आशा राम नेताम**
> विधायक कांकेर

न्यूज गैलरी

बस्तर के विधायकों ने सीएम साय से की मांग स्थानीय लोगों को मिले भर्ती में प्राथमिकता

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के भाजपा विधायकों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किया। बस्तर संभाग में स्थानीय भर्ती को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पहुना रायपुर में कोंडागाँव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जगदलपुर विधायक किरणदेव, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, दंतेवाड़ा भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता एवं जगदलपुर नगरनिगम नेताप्रतिपक्ष संजय पांडेय सहित प्रमुख नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप कर समूचे बस्तर संभाग के युवा बेरोजगारों के लिए स्थानीय भर्ती समेत ठोस कदम उठाने के लिए मांग की है।

पालिका कर्मियों के साथ लोगों ने भी की सफाई

नारायणपुर/नवप्रदेश। देश, राज्य, शहर और गांव को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् नारायणपुर द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का शहर के जयस्तंभ चौक में आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सभी नागरिक, स्वच्छता दीदियां, स्वच्छता कर्मचारी तथा नगर पालिका के सभी अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित होकर नगर की सफाई किया गया। सभी नागरिकों को भी शहर और देश को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम के साथ दीपक आंचला और हिमांशु कवाड़े (उप अभियंता), दिनेश साहू जिला समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन), समस्त स्वच्छता दीदियां, सभी सफाई मित्र, पालिका के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं शहर के नगरिकगण भी इस अभियान में सम्मिलित हुए।

ग्रामीणों को स्वरोजगार का नि:शुल्क प्रशिक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गरांजी में 27 दिसंबर से 10 दिवसीय अगरबत्ती, मोमबत्ती, हैंडवाश, हारपिक तथा साबुन निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसबीआई आरसेटी में बीपीएल कार्डधारी अथवा मनरेगा कार्ड धारी व्यक्तियों जिनकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष तक हुई हो वे सभी आगामी होने वाले निशुल्क प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (एजुकेशन हब गरांजी) नारायणपुर में आवश्यक दस्तावेज योग्यता प्रमाण पत्र (अंकसूची) यदि हो तो, आधार कार्ड, राशन कार्ड या मनरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट साइज 5 फोटो के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करवा सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी निदेशक श्री प्रेम चन्द किण्डो, मोबाईल नंबर 9407629900, संकाय सदस्य मोबाईल नंबर 8871870018, 9301104537 पर संपर्क कर सकते है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं अध्यक्ष अजीत वसंत तथा नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिले के ब्रेहबेड़ा, गरांजी और बेनूर में 16 दिसंबर को दोपहर 3 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम उपस्थित होकर ग्रामीणजन भारत सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों हेतु आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाईजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विध्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र योजना शामिल हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्रों हेतु पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, आरसीएस उडान, वंदे भारत ट्रेने और अमृत भारत स्टेशन योजना और स्वामित्व योजना (आवश्यकतानुसार) शामिल हैं।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

दो दिन के अंदर धान के उठाव के दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिले के नरहरपुर विकासखंड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का दौरा कर धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केन्द्रों में धान खरीदी एवं उठाव की जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि संग्रहण केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को दो दिवस के भीतर खरीदे गए धान का उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नरहरपुर क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र चवाड़, उमरादाह और चरभट्ठी में धान खरीदी कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र प्रभारी से पंजीकृत किसानों एवं धान बेचने वाले किसानों की जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा की और पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। कुछ किसानों ने धान बेचने की लिमिट बढ़ाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम चवांड़ के उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी जायजा लेकर किया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ से आयुष्मान कार्ड, दवाइयों की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में भी पूछ और निर्देश दिए कि खून की कमी या अन्य कारणों से कमजोर महिलाओं पर विशेष ध्यान दें।

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम श्रीगुहान पहुंचकर बायोगैस संयंत्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने बायो गैस संयंत्र में गोबर से गैस बनने की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और कहा कि यह ईको फ्रेंडली गैस संयंत्र है और इससे ईंधन के साथ-साथ खाद की भी प्राप्त होती है। कलेक्टर को गांव के पंचायत सचिव ने बताया कि इस संयंत्र से माध्यमिक शाला के किचन में गैस की आपूर्ति की जाती है। इसके उपयोग से शाला में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है। जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल ने बताया कि यह बायो गैस संयंत्र गोबरधन योजना के तहत स्थापित की गई है। केन्द्र सरकार की इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर एवं जैविक अपशिष्ट का प्रबंधन कर उन्हें बायोगैस तथा ऑर्गेनिक खाद में बदलना है, ताकि किसानों और अन्य घरों को लाभ पहुंचाकर उनके जीवन स्तर में सुधार किया जा सके। इस दौरान खाद्य अधिकारी श्री जन्मेजय नायक,नरहरपुर जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उप-जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मण्डावी द्वारा राजनैतिक दलों की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों के युक्ति युक्तकरण और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण करने, फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही मतदान केन्द्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त करने सहित निराकरण करने संबंधी जानकारी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों और जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में किये जाने के साथ ही जनसाधारण के अवलोकन के लिए मतदाता सूची रखा जाएगा।

जनसूचना अधिकारी ऑनलाइन पोर्टल में स्व पंजीयन अनिवार्य रूप करें : गुप्ता

नारायणपुर/नवप्रदेश। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ई फाइलिंग सुविधा एवं स्व पंजीयन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया। सूचना के अधिकारी के नोडल अधिकारी के द्वारा उपस्थित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को कार्यशाला में जानकारी दी गई। एन आई सी के अधिकारियों के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल में स्व-पंजीयन एवं ई फाइलिंग की सुविधा के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में जानकारी दी गई कि आम जनता एवं जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपील अधिकारियों की सुविधा के लिए ई फाइलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को वेब पोर्टल में स्व पंजीयन सुनिश्चित करना होगा। सूचना का अधिकार अधिनियम के कार्यों के क्रियान्वयन में अब डिजिटल कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में पहले से ही ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कार्यशाला में नोडल अधिकारी अभिशेक गुप्ता ने कहा कि जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के कार्यालय में उनकी नाम पट्टिका स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो। उन्होंने जिला स्तर पर स्व पंजीयन के कार्य को करने के लिए एन आई सी की मदद लेने कहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि वह आयोग के द्वारा लगाए गए जुर्माने की राशि सरकारी खजाने में जमा करवा कर इसकी सूचना भेजना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में कहा गया कि आरटीआई का ज्ञान और उनके नियमों की जानकारी जितना आपके पास होगी उतना ही आवेदनों का निराकरण समय पर कर सकेंगे। उन्होंने आवेदनों को टालने की प्रवृत्ति से बचने की समझाईश भी दी। कार्यशाला में ऑनलाइन पोर्टल पर स्वपंजीयन एवं दस्तावेजों को अपलोड करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर दीनदयाल मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर सुमित गर्ग सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

शहीदों के परिजनों को शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

ध्वज लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया

कांकेर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस और विजय दिवस का आयोजन कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज किया गया। कलेक्टर द्वारा सेना मैडल शहीद गणेश राम की माता श्रीमती जागेश्वरी बाई, शहीद सूबेदार मेजर हरिराम तारम की पत्नी श्रीमती कुंती तारम और शहीद नायक मोती राम की शहादत को याद करते हुए उनकी पत्नी श्रीमती पद्मावती को शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों एवं शहीद जवानों के परिजनों को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सैनिक अपने घर-परिवार की परवाह न करते हुए पूरे देश की सुरक्षा के लिए दिन-रात मोर्चे पर डटे रहते हैं, उनके सजग रहने के चलते ही हम अपने घरों में चैन की नींद सोते है। उन्होंने सैनिकों को सभी के लिए प्रेरणा बताते हुए सबके प्रति आभार प्रकट किया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में राशि देने वाले एसपी दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल और खनिज अधिकारी बी.के. चन्द्राकर को प्रतीक-चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले जिले के भूतपूर्व सैनिक सूबेदार हेमंत कुमार सिंह और नायक प्यारे लाल को शॉल देकर सम्मानित किया गया।इसके पहले, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (भा.नौ.) तथा संजय शुक्ला एन.एम. (से.नि.) ने बताया कि हमारी सशस्त्र सेनाएं हमारे देश की रक्षा कठिन परिस्थितियों में करती हैं। देश की रक्षा करते हुए बहुत से जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया या घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार वीर नारियों, घायल सैनिकों तथा उनके परिजनों की सहायता के लिए 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाती है। इसी तरह भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत के रूप में प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

धोनी की याचिका ...

विशेष जांच दल को नहीं सौंपा। धोनी ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि संपत ने कहा था कि सीलबंद लिफाफे को रोकने के पीछे सुप्रीम कोर्ट का एक मकसद था।

30 मिनट में मिलेगी...

पर जोर दिया जाना चाहिए। सभी अस्पतालों में दवाइयों का स्टॉक पूरे तरह से उपलब्ध हो यह जरूर देखें। उन्होंने जेनेरिक दावों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए हैं। इस वजह से माना जा रहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय शुरू किए गए जेनेरिक मेडिकल स्टोर को बंद करने के मूड में बीजेपी सरकार नहीं है। जानकारी के मुताबिक धनवंतरी मेडिकल स्टोर के नाम या स्वरूप में जरूर बदलाव हो सकता है। प्रदेश में 200 के करीब ऐसे जेनेरिक दवा स्टोर हैं। कांग्रेस की सरकार ने इन दुकानों में भूपेश बघेल की तस्वीरें लगवाई थीं, इन्हें हटवाया जाएगा। मुख्यमंत्री को इस बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पिछली सरकार में चलाई जा रही योजनाओं और उनके इंपैक्ट के बारे में भी अफसर बारीकी से डिटेल देते रहे। बैठक में डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साहू भी मौजूद रहे।

मार्च दो सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे मोदी : स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अफसरों को कार्यों को समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिए। उन्होंने जगदलपुर और बिलासपुर में सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निर्माण में देरी पर नाखुशी जाहिर करते हुए सीएम साय ने दोनों अस्पतालों को फरवरी तक पूरा कर लेने का कड़ा निर्देश दिया है। सीएम साय ने कहा कि दोनों अस्पतालों का मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री मोदी उद्घाटन करेंगे।

लोकसभा घुसपैठ केस में ...

राजस्थान के नागौर पहुंचा। वहां वह अपने दो दोस्तों से मिला और एक होटल में रात बिताई। जब उसे एहसास हुआ कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है तो वह एक दोस्त के साथ बस से वापस दिल्ली आ गया। यहां उसने सरेंडर कर दिया। फिलहाल वह पुलिस की स्पेशल सेल की कस्टडी में है। वहीं, दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम शनिवार या रविवार को संसद में सुरक्षा चूक के सीन को रीक्रिएट करेगी। सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए सभी आरोपियों को संसद परिसर ले जाया जाएगा। इससे दिल्ली पुलिस ये पता लगाएगी कि आरोपी कैसे संसद भवन में दाखिल हुए और कैसे अपने प्लान को अंजाम दिया।

बीजेपी विधायक को ...

रामदुलार ने उसके साथ दरिंदगी करनी चाही। लेकिन पीड़ित ने हिम्मत दिखाई और उसके चंगुल से छूट कर अपने भाई के पास पहुंच गई। भाई को पूरा मामला बताया। भाई ने म्योरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

19 से छत्तीसगढ़ विधानसभा ...

हम विधानसभा का सत्र बुलाने वाले हैं। इसकी प्रक्रिया चल रही है। सबसे पहले अनुपूरक बजट की आवश्यकता है। इसके अलावा आगे बहुत योजनाएं है जिन पर जल्द ही अगली कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा, उनके लिए भी अनुपूरक बजट की आवश्यकता है।

महिला जज ने हैरेसमेंट मामले ...

ऑप्शन नहीं बचा है। इसलिए मुझे इच्छा मृत्यु की इजाजत दी जाए। महिला जज ने एक मीडिया हाउस को बताया- 7 अक्टूबर 2022 को बाराबंकी जिला बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित कर रखा था। उसी दिन सुबह साढ़े 10 बजे मैं अदालत में काम कर रही थी। इसी दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारी कई वकीलों के साथ कोर्ट कक्ष में घुस आए। मेरे साथ बदसलूकी शुरू कर दी। गाली-गलौज करते हुए कमरे की बिजली बंद कर दी गई। हमने इसकी शिकायत अगले दिन यानी 8 अक्टूबर को अपने सीनियर जज से की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। भरी कोर्ट में मुझे अपमानित किया गया। शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। इसके बाद मैंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में इसकी शिकायत की। मगर, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सुको ने मणिपुर हिंसा ...

हिंसाग्रस्त मणिपुर में जांच, राहत, मेडिकल सहायता, मुआवजा और पुनर्वास की जांच के लिए अगस्त में एक समिति बनाने का निर्देश दिया था। इसमें हाईकोर्ट की तीन पूर्व जज- जस्टिस गीता मित्तल, जस्टिस शालिनी जोशी और जस्टिस आशा मेनन हैं। कोर्ट ने मई के बाद से क्षतिग्रस्त या नष्ट किए गए धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण को लेकर समिति को एक व्यापक प्रस्ताव तैयार करने की भी अनुमति दे दी है।

कुरिष्टिकुर में विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने रिटेंडर

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा जिले के ग्राम कुरिष्टिकुर में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र स्थापित करने निविदा उपरांत आर्डर पूर्व में मेसर्स इन्फ्राकेन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड रायपुर को हुआ था। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता विद्युत ने बताया कि उक्त फर्म के द्वारा यह कार्य कर पाने में असमर्थता जताए जाने पर पुनर्निविदा (रिटेंडर) की प्रक्रिया हो चुकी है और अनुमोदन के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि उक्त ग्राम में लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से शीघ्र सब स्टेशन की स्थापना मांग की थी।

विधायक टेकाम का चारामा में हुआ स्वागत

चारामा/नवप्रदेश। बस्तर के प्रवेश द्वार चारामा में पहली बार के विधायक पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। स्थानीय विश्रामगृह में नंद कुमार ओझा के नेतृत्व में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आदिवासी संस्कृति के अनुरूप नृत्य आतिशबाजी से उनका पहली बार नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने की खुशी से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में भारत माता चौक तक पहुंच कर भारत माता के मूर्ति मे माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उन्हें केशकाल के रवाना किया. इस अवसर पर भरत मटियारा पूर्व अध्यक्ष मत्स्य बोर्ड पूर्व विधायक ब्रम्हा नन्द नेताम,राकेश यादव ,वीरेंद्र साहू पूर्व विधायक ,हालदार साहू आलोक ठाकुर प्यारेलाल देवांगन रुक्मणी उइके ,जय श्री सिन्हा, प्रताप सलाम ,अमिता बंजारे , भागी राम साहू,ममता गजभिए संतोष ओझा दीपक सोनकर, ललित श्रीवास्तव, उत्तम साहू सत्कार पटेल, रमाशंकर सिन्हा ,जागेश्वर सिन्हा ,संतोष नाहर सुरेश सबनानी वासुदेव साहू शिवनाथ साहू बसंत अमित राज सिन्हा देव कोशरिया महावीर रघुनंदन साहू कैलाश खत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर कुंदन कुमार के द्वारा 18 दिसम्बर 2023 को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिले की देशी-विदेशी मदिरा दुकानें,एफ.एल.8 एवं मद्य भण्डारण बंद रखी जाएगी। इस दिन मदिरा का विक्रय परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।

शिकायत पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान, हुई कार्रवाई, भूमि शासकीय मद में हस्तांतरित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर जनचौपाल में पहुंचे विकासखंड सीतापुर के अंतर्गत सरपंच ग्राम पंचायत उरंगा तथा बरिमा एवं अन्य ग्रामवासियों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई थी कि तहसील मैनपाट के ग्राम कण्डराजा, बरिमा, नर्मदापुर स्थित शासकीय भूमि को कतिपय लोगों द्वारा निजी भूमि में दर्ज करा लिया गया है। जिसपर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मामले की पूरी जांच कर आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। एसडीएम सीतापुर ने बताया कि उक्त शिकायत के तहत ग्राम पंचायत उरंगा के आश्रित ग्राम कण्डराजा, तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा (छ0ग0) के कुल 48 प्रकरणों में विधिवत समस्त दस्तावेजों का जांच कर इश्तहार का प्रकाशन एवं नोटिस तामील कराया गया। अनावेदकों को दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित समय सीमा दी गई थी। समय उपरांत भी उनके द्वारा कोई विधिवत दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके फलस्वरूप ग्राम कण्डराजा के कुल 48 अनावेदकों के कुल खसरा 70 कुल रकबा 111.488 हेक्टेयर भूमि को अनावेदकों द्वारा उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के फलस्वरूप शासकीय मद में हस्तांतरित किया गया।

छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने शाला संचालन समय में किया परिवर्तन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर कुंदन कुमार ने जिले में पड़ रही ठंड के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी कर जिले में संचालित होने समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शाला संचालन समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेशानुसार शाला संचालन समय दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं में प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक एवं शनिवार को अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 तक तथा द्वितीय पाली में सोमवार से शुक्रवार तक अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 बजे तक एवं शनिवार को प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 9:45 बजे से 04:00 बजे तक एवं शनिवार को प्रातः 09:00 बजे से 12:30 बजे तक संचालित रहेंगी।

अग्निवीर सेना में भर्ती होने 680 युवा हुए शामिल, 244 युवाओं ने लगाई दौड़

जांजगीर/नवप्रदेश। अग्निवीर भर्ती के पहले दिन छत्तीसगढ़ के 03 जिलों (बिलासपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और सक्ती) के कुल 815 युवाओं को प्रथम दिन के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 680 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। जिसमें 244 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की है। सेना भर्ती कार्यालय से श्री राधे श्याम ने बताया कि दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारुरूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय ने अपील की है भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है, जालसाजो के झांसों में न आए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के 33 जिलों के लिए आयोजित सेना भर्ती के लिए 6853 युवाओं ने सी ई ई परीक्षा उत्तीर्ण की है।

असंगठित श्रमिकों को मिलेगा मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि

जांजगीर/ नवप्रदेश। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रूपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। इस योजना से लाभ प्राप्त करने हेतु कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला-जांजगीर-चांपा में कार्यालयीन समय में पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण (पोस्टमार्टम) रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

कलेक्टर ने किया दफ्तरों का औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। सरकार बदलते ही जिले मे कसावट लाने की मुहिम प्रारभ हो गयी शासन के निर्देशो का पालन नजर आने लगा है, कलेक्टर ने आज प्रातः 10.00 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए, जिसे देखकर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और शासन के कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर विभागीय कामकाज को निपटाएं। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन करें। बता दें कि शासन के निर्देशानुसार

शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी को कार्यालय में उपस्थित होकर विभागीय कामकाज संपादित किया जाना है। जिले में निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अब देखना यह है की कलेक्टर के इस नोटिस का कितना असर अधिकारी-कर्मचारियों पर होता है। इन विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को जारी हुआ नोटिस-कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग,समाज कल्याण, अंत्यावसायी, आबकारी,खनिज, श्रम, आदिवासी विकास,जिला योजना सांख्यिकी, पीएमजीएसवाई,महिला एवं बाल विकास,सहकारिता,खाद्य,विपणन,राजस्व शाखा, आवक-जावक शाखा, भू अभिलेख शाखा एवं अन्य विभागों के उच्च अधिकारी सहित कई अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए,जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

मुंगेली। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने जिला चिकित्सालय में समस्त ओपीडी, आयुष क्लीनिक तथा 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों तथा स्टॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रभारी आवासीय चिकित्सा अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि आयुष क्लीनिक में प्रतिदिन 18 से 20 ओपीडी देखी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला अस्पताल में दंत रोग कक्ष, नाक, कान, गला रोग कक्ष, ऑपरेशन थियेटर कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया।

जिले के ग्राम पंचायतों में 19 दिसंबर को विशेष ग्रामसभा का होगा आयोजन

मुंगेली। जिले के ग्राम पंचायतों में 19 दिसंबर को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने ग्राम सभा के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (डीपीडीपी, बीपीडीपी व जीपीडीपी) विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों में क्रमशः सामान्य सभा व ग्रामसभा का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि विशेष ग्रामसभा के एजेंडा में जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर ग्रामसभा पोर्टल में एण्ट्री करना सुनिश्चित करें। चयनित विकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाए। ग्राम सभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाए। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ लो कास्ट-नो कास्ट गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि पंचायतों के कार्ययोजना में स्वच्छ भारत मिशन 2023-24 वार्षिक कार्ययोजना अनुसार अनिवार्य गतिविधियों-कार्यों को जोड़ने हेतु अनुमोदन कराएं।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा में अंबेडकर कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बहतराई स्टेडियम ,बिलासपुर में 11 व 12 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ के छात्र चंद्र प्रकाश रात्रे (एम ए राजनीति विज्ञान) ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया व 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री जेपी साहू ने कहा कि छात्र की यह जीत महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है द्यराजनीति विज्ञान विभागअध्यक्ष डॉ एस.आर.महेंद्र व महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं ने चंद्र प्रकाश को बधाई दिएद्य क्रीड़ा प्रभारी प्रो.मीरा टंडन के द्वारा छात्र के उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई द्य महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.एस.के त्रिपाठी,डॉ. डी मिश्रा,डॉ. तारनिश गौतम,डॉ. आशीष तिवारी,डॉ. श्वेता जैन, प्रो. चांदनी छाबड़ा, प्रो.संतोषी उरांव, प्रो.लक्ष्मी गौरी कुजूर सुमन, सुश्री.दुर्गेश्वरी पटेल, आर एस विश्वकर्माश्री, आलोक चतुर्वेदी द्वारा छात्र के सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया।

सक्ती जिले के तीनों विस में भाजपा की करारी हार का जिम्मेदार कौन

सक्ती/नवप्रदेश। भले ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गयी हो किंतु सक्ती जिले के तीनों विस सीट सक्ती, जैजैपुर व चंद्रपुर में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में इस का जिम्मेदार पार्टी के जिलाध्यक्ष को ही ठहराया जा रहा है। चर्चा आम है कि वह पूरी तरह से फेल जिलाध्यक्ष साबित हुए है जो इस चुनाव में खुद की सीट भी नहीं बचा सके है। पिछले आम चुनाव में भी जब कृष्णकांत चंद्रा को जिलाध्यक्ष बनाया गया था तब मेघाराम साहू चुनाव हारे थे और हार की जिम्मेदारी भाजपा जिलाध्यक्ष को दी गयी थी, इस बार जिलाध्यक्ष रहते हुए स्वयं विस चुनाव लड़े और हार गये, यही नहीं अपने जिलाध्यक्ष कार्यकाल में इन्होंने ब्लाक व जिले के कई पदों पर अपने खास लोगों को बिठाया किंतु सक्ती जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा की चुनावी नईया को पार लगाने में नाकाम रहे। माना जा रहा है कि पार्टी के लोग ही उनके कार्य से कभी खुश नहीं रहे। जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन में तालमेल बनाने में वो पूरी तरह से नाकामयाब साबित हुआ है। यदि यह जिम्मेदारी किसी दूसरे को दी जाती तो संभवतः चुनाव परिणाम कुछ और ही होता। गौरतलब हो कि सक्ती विधानसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार और तत्कालीन विधानसभा स्पीकर चरण दास महंत ने बीजेपी के खिलावन साहू को 12395 मतों से से पराजित कर जीते है। चरण दास महंत प्रदेश के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं भले ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पराजय हुई है लेकिन चरण दास महंत अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे है। इससे पहले 2018 के चुनाव में भी चरण दास महंत ने बीजेपी के मेधाराम साहू को हराया था। बात करें जैजेपुर विस सीट की तो इस पर बसपा का कब्जा था।

ऊर्जा की बचत अपने दैनिक कार्यों में करें तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा : बंजारा

जांजगीर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 8 से 14 दिसंबर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, एसडी द्विवेदी, पीके श्रीवास्तव, मोहम्मद शाहिद खान एवं भरत गढ़पाले की गरिमामयी उपस्थिति रही। गौरतलब है कि ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर संदेश फैलाने और ऊर्जा दक्षता व संरक्षण में राष्ट्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रति वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम के संयोजक अधीक्षण अभियंता जयपाल बेक द्वारा सप्ताहभर में आयोजित हुए कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्युत संयंत्र के प्रशासनिक भवन परिसर में कार्यपालक निदेशक एवं अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही बच्चों के बीच चित्रकला स्पर्धा, कर्मचारियों व श्रमिकों के बीच नारा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि नई क्रांति के साथ ऊर्जा की खपत बढ़ रही है।

जय ने दिलाई थी विजय, बने रहेगा कांग्रेस का राज या खिसक जाएगी मेयर की चेयर

कोरबा/नवप्रदेश। कांग्रेस के कद्दावर नेता, मंत्री और तीन बार के कोरबा विधायक रहे जयसिंह एक ऐसे कुशल रणनीतिकार हैं, जिन्होंने विश्वास मत में पैमाने से कम पार्षदों होते हुए भी कांग्रेस का मेयर काबिज कर दिखाया था। तब वक्त अलग था, जो विरोधी पक्ष के पार्षदों ने भी राजकिशोर प्रसाद को मेयर चुनकर खुद विपक्ष स्वीकार कर लिया। अब कोरबा विस के साथ प्रदेश की सत्ता भी भाजपा के हाथ है और अब वही पार्षद अपना विश्वास वापस लेने की तैयारी में हैं। मेयर की चेयर डोल रही है और नगर निगम की सत्ता हासिल करने शहर संग्राम जोर पकड़ता दिखाई दे रहा है। जिनकी मंशा पूरी कर जय ने विजय दिलाई थी, अब उन्हीं पार्षदों का शेयर घटते क्रम में है और ऐसे में महापौर पद पर कांग्रेस का राज बना रहेगा या कोई उलटफेर की स्थिति निर्मित होगी, इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में घमांसान मचा हुआ है। शहर की सियासत में यही चर्चा हो रही है कि कांग्रेस अपने महापौर की कुर्सी बचा पाएगी? उड़ती खबरों के मुताबिक यह भी कहा जा रहा है कि कुछ कांग्रेसी पार्षद भी अपने मूल व्यवसाय को बचाने पार्टी का दामन छोड़ सरेंडर होने को भी तैयार हो चुके हैं और अगर अल्पविश्वास को आधार बनाकर लाया जाने वाला अविश्वास का प्रस्ताव कारगर भी साबित हो सकता है।

अगस्त में कलेक्टर को सौंपा था अविश्वास प्रस्ताव

छग में कांग्रेस की सरकार बदलने के बाद से ही भाजपा की नजर निगम सरकार पर टिक गई है। उधर राजधानी रायपुर तो इधर ऊर्जाधानी कोरबा में नगर निगम के महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की सुगबुगाहट फिर से तेज हो गई। इससे कोरबा में मेयर राजकिशोर प्रसाद की कुर्सी खतरें में आ सकती है। आपको बता दें कि इसी साल अगस्त महीने में 30 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव कलेक्टर को सौंपा था। अब राज्य में बीजेपी सरकार बनने पर फिर से इस प्रस्ताव पर बीजेपी पार्षद दल दोबारा पत्राचार करने की तैयारी में है। बीजेपी पार्षद दल का दावा है कि उनके संपर्क में 40 से 45 पार्षद हैं।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 29 कुल 31 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जिला पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले कुल 29 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जिसमें थाना जरहागांव द्वारा 4 आरोपी, थाना लालपुर द्वारा 4 आरोपी, थाना चिल्फी द्वारा 3 आरोपी, फास्टरपुर द्वारा 3 आरोपी, मुंगेली द्वारा 4 आरोपी, थाना लोरमी द्वारा 2 आरोपी, चैकी डिंडौरी द्वारा 3 आरोपी, सरगांव द्वारा 1 आरोपी, पथरिया द्वारा 2 आरोपी, चैकी खुड़िया द्वारा 2 आरोपी, चैकी साकेत द्वारा 1 आरोपी के विरूद्ध 36-च आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार अवैध शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई है।

अपहरण के तीन नाबालिग आरोपी पुलिस की गिरफ्त

मुंगेली/नवप्रदेश। तीन नाबालिग अपहृता को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली। नाबालिग अपहृता को थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस ने बरामद किया। थाना चिल्फी द्वारा एक नाबालिग अपहृता को विधि से संघर्षरत् बालक के कब्जे से जिला राजनांदगांव से बरामद किया गया। एक नाबालिग अपहृता को जरहागांव पुलिस ने रायपुर से बरामद कर विधिवत् परिजनों को सुपूर्द किया। थाना चिल्फी में प्रार्थी ने 21 नवम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग बालिका को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसला कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना चिल्फी में धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया एवं पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना पर नाबालिग अपहृता एवं आरोपी विधि से संघर्षरत् बालक का जिला राजनांदगांव में होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर दबिश देकर नाबालिग अपहृता को आरोपी विधि से संघर्षरत् बालक के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी विधि से संघर्षरत् बालक को अभिरक्षा में थाना लाया गया एवं नाबालिग अपहृता का महिला अधिकारी से कथन उपरांत प्रकरण में धारा 366, 368, 376 भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी विधि से संघर्षरत् बालक को किशोर न्याय बोर्ड मुंगेली के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सत्येन्द्रपुरी गोस्वामी, सउनि माधव टांडिया, प्रधान आरक्षक गुलाब सिंह राजपूत, आरक्षक विनोद बंजारे, प्रफुल्ल ठाकुर, महिला आरक्षक संगीता बर्मन की भूमिका रही। इसी प्रकार 8 दिसम्बर को प्रार्थी ने थाना जरहागांव में उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर लेजाने की रिपोर्ट पर थाना जरहागांव में धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना पर नाबालिग अपहृता को रायपुर से दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए परिजनों को सुपूर्द किया गया। इसी प्रकार प्रार्थियां ने 7 दिसम्बर को थाना मुंगेली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसला कर लेजाने की रिपोर्ट पर थाना मुंगेली में धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना पर सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए शासकीय बालिका गृह नूतन चैक सरकंडा जिला बिलासपुर में सुरक्षार्थ रखा गया।

प्रशिक्षण समग्र शिक्षा अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हाल, खुद अप्रशिक्षित होकर बालिकाओं को सिखाने लगा दिया स्कूलों में

बेटियों को सुरक्षा का पाठ पढ़ा रहे कराटे के जूनियर, ट्रेनिंग पर उठ रहे सवाल

कोरबा/नवप्रदेश। इन दिनों स्कूलों में छात्राओं को कराते प्रशिक्षण का ड्रामा किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण योजना को ड्रामा कहना इसलिए पड़ रहा है क्योंकि प्रशिक्षण देने वाले खुद ही अप्रशिक्षित हैं। जब ट्रेनिंग देने वालों के पास ही योग्यता नहीं हैं तो फिर भला बालिकाएं कैसे योग्य बन सकेंगी। इस तरह शासन से मिली राशि का सही उपयोग होने की बजाय एक बार फिर बंदरबांट का खेल होता महसूस हो रहा है। मिशन संचालक समग्र शिक्षा की ओर से 7 दिसंबर को ही रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समिति के माध्यम से विद्यालयवार प्रशिक्षकों की सूची जारी की गई है। स्वामी आत्मानंद आदर्श विद्यालय, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल समेत कुल

683 स्कूलों के लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षकों के नाम समेत उन्हें कहां कहां प्रशिक्षण देना है, उसकी सूची भी जारी की गई है। प्राचार्य और प्रधानपाठकों को ट्रेनिंग के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश भी दे दिए गए हैं। सूची में प्रशिक्षकों के नाम के साथ उनकी योग्यता और प्रशिक्षण देने का अनुभव भी दर्ज है। इस पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि उन्हें आत्मरक्षा की

ट्रेनिंग देने का कोई वांछित अनुभव ही नही है। इनमें ज्यादातर प्रशिक्षक यलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट और ब्लू बेल्ट धारक हैं। किसी एक साल, किसी ने दो साल तो कई ने तो सिर्फ 6 माह का प्रशिक्षण अनुभव होना बताया है। पर सवाल यह उठता है कि जब वे खुद इस योग्य नहीं थे, तो उन्हें पात्र मानकर क्यों यह अहम जिम्मेदारी दे दी गई। इस तरह से तो सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है, जिसका बालिकाओं को किसी प्रकार का उचित लाभ मिलने की बजाय सरकारी राशि

मिशन 15 हजार... उड़ती खबर तो ऐसी भी है

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ के आदेश के परिपालन में कोरबा जिला अन्तर्गत संचालित शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया गया है। ये प्रशिक्षक राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अधीन आपके विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक स्कूल के लिए प्रशिक्षकों के भुगतान के लिए 15 हजार रुपए निर्धारित किए गए हैं। यह राशि स्कूलों को जारी भी की जा चुकी है। उड़ती खबर यह है कि इस 15 हजार की बंदरबांट का खेल करने ही अप्रशिक्षित लोगों को प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि इस 15 हजार के मेहनताने में सिर्फ 4 से 5 हजार रुपए दिए जाने की शर्त पर सहर्ष तैयार हुए भोले भाले युवकों को रख लिया गया है।

मापदंड देखें या आत्मरक्षा में निपुण करने बालिकाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण की बात, किसी भी दृष्टि से यह निर्णय शासन की मंशा पर खरा नहीं उतर रहा। अयोग्य लोग जब प्रशिक्षण देने तो परिणाम कैसा मिलेगा, यह तो आने वाले कल में पता चल सकेगा। पर साल-छह माह का अनुभव रखने वाले नॉन टेक्निकल और अप्रशिक्षित लोग भला बेटियों को योजना के नाम के अनुरूप रानी लक्ष्मी बाई बनाने कैसे योग्य माने जा सकते हैं।

– **लोकेश राठौर**, सचिव, जिला ताइक्कांडो संघ, कोरबा

न्यूज गैलरी

20 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 20 दिसम्बर 2023 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक हर्ष एग्रो लवन रोड बलौदाबाजार द्वारा सेल्स मेन (पुरूष) के 8 पद, योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण एवं 1 वर्ष अनुभव, उम्र 35 वर्ष, वेतन 7 हजार रूपये तक कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी होगा। ओरियन एजुकेशन सोसायटी बलौदाबाजार द्वारा मेसन ट्रेनर के 4 पद, योग्यता आईटीआई, पालिटेक्नीक, बीटेक उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 45 वर्ष तक,वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपये, काउंसलर के 2 पद योग्यता फिजियोलॉजी एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष तक, वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपये तक, मोबिलाइजर के 4 पद योग्यता बारहवी उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपये तक, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। स्वतंत्र माईक्रो फायनेंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा सेल्स आफिसर के 50 पद, योग्यता दसवीं उत्तीर्ण, उम्र 18 वर्ष से अधिक, वेतन 14 हजार रूपये, रिलेशनशिप आफिसर के 5 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 वर्ष से अधिक, वेतन 14 हजार रूपये, कार्यक्षेत्र संपूर्ण छत्तीसगढ़ होगा।

विधायक ने लोगों का जताया आभार

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से जीत पर नव निर्वाचित विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने अपने क्षेत्र के देवतुल्य नागरिकों का विजय रैली निकालकर आभार व्यक्त कियाजिसके तहत सर्वप्रथम ग्राम उमरगांव, छिंदीटोला में विजय रैली निकल कर आभार रैली कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ग्राम पडरवही ,पोड़ागाँव, लखनपुरी , रातावा, पावद्वार, बेलरगांव, में विजय रैली व सभा कर साथ ही ग्राम घटूला में कार्यक्रम संपन्न हुई। इस बीच क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम का ग्रामवासियों के द्वारा स्वागत कर क्षेत्र के विकास करने की बात कही गई। इस पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वो सदैव तत्परता के साथ कार्य करेंगी। साथ ही जहां पर जरूरत होगी वहां पर सरकार से योजनाओं को लाकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी। इसी तरह उन्होंने सिहावा क्षेत्र का चौमुखी विकास करने का संकल्प लिया इस बीच बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं ग्राम ग्रामीण जनों की उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रशिक्षण

भटगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाय) का प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे द्वितीय 1 और तृतीय 3.30 बजे आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने तीनों पालियों में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि यात्रा के दौरान सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित हितग्राहियों की पहचान कर उनको यात्रा में शामिल करेंगे। जिले में संचालित योजनाओं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र, डिजीटल भुगतान अवसंरचना, स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, पीएम आवास योजना (शहरी) आदि के हितग्राहियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल कर मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सारंगढ़ और बिलाईगढ़ से 17 को बस होगी रवाना

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली अंतर्गत अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती परीक्षा 15 दिसंबर से 23 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाईन खोखरा भांठा जांजगीर में का आयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिए जनरल ड्यूटी हेतु परीक्षा 18 दिसंबर 2023 को और टेक्निकल-ट्रेडसमेन-क्लर्क भर्ती परीक्षा 20 दिसंबर 2023 को निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार जनपद पंचायत बरमकेला एवं सारंगढ़ क्षेत्र के आवेदकों के लिए 17 दिसंबर 2023 को दोपहर 01 बजे जनपद पंचायत परिसर सारंगढ में तथा जनपद पंचायत बिलाईगढ़ क्षेत्र के आवेदकों के लिए 17 दिसंबर 2023 को दोपहर 01 बजे अपरान्ह शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय परिसर बिलाईगढ़ में वाहन सुविधा उपलब्ध होगी। जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा आवेदकों के आवास व्यवस्था की गई है। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिला प्रशासन सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा जिले के आवेदकों के लिए भर्ती रैली स्थल तक पहुंचने के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। सारंगढ़ जिले के लिए पूर्व में यह परीक्षा 16 दिसंबर को परीक्षा निर्धारित था, जिसे बढ़ाकर 18 दिसंबर किया गया है।

मूलभूत सुविधाओं से अब तक दूर है बस्तर के कई गांव

■ बिजली, सड़क और पेयजल सुविधा नहीं

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है। वहीं इसी साल आजादी के 75 साल बाद चांदामेटा गांव में मतदान भी हुआ है। भले ही यह गांव नक्सल मुक्त हो चुके हैं। लेकिन आज भी इस क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण गांव में विकास कार्य की राह तक रहे हैं।

आलम यह है कि कई गांव में ना ही बिजली पहुंची है। ना ही सड़क की सुविधा है और ना ही पेयजल की व्यवस्था। लंबे समय से यहां के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से पूरी तरह से वंचित है। कई बार गुहार लगाने के बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। खासकर गांव में स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने की वजह से कई ग्रामीणों की त्वरित इलाज के अभाव में जान भी जा रही है। एक निजी न्यूज चैनल की टीम दरभा ब्लॉक क्षेत्र के काचीररास. सरगीपाल और भैंसाधर्रा गांव पहुंची। जहां ग्रामीणों ने गांव में समस्याओं का अंबार दिखाया। तीनों ही गांव के ग्रामीण कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। खासकर छोटे बच्चे स्कूली शिक्षा से पूरी तरह से वंचित हो रहे हैं। गांव में स्कूल तो है लेकिन काफी सालों से स्कूल बंद पड़ा है। इसके अलावा सड़क नहीं होने की वजह से ग्रामीणों ने ही वैकल्पिक तौर पर खुद ही श्रमदान कर सड़क बनाई। लेकिन यह सड़क भी अब जर्जर हालत में है। पक्की सड़क की मांग करते-करते ग्रामीण थक चुके हैं लेकिन इनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

विधानसभा चुनाव के दौरान हर बार नेता ग्रामीणों से वोट मांगने तो आ रहे हैं लेकिन अब तक इनकी एक भी मांग नेताओं ने पूरी नहीं की है। गांव में आंगनबाड़ी तो है लेकिन जर्जर भवन होने की वजह से एक झोपड़ी नुमा मकान में आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। यही नहीं इस गांव में बीमार पड़ने पर करीब 6 किलोमीटर दूर ग्रामीण पैदल ही चलकर मरीज को कावड़ में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने को मजबूर हैं।

इन गांवों में नहीं पहुंचा विकास कार्य

काचीररास गांव के ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिला प्रशासन के अधिकारी और नेताओं से गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। खास बात है कि यह गांव संभाग मुख्यालय जगदलपुर से केवल 45 से 50 किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है। ऐसे में इन गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ साल पहले पूरा गांव नक्सली मुक्त हो चुका है अब ग्रामीणों में किसी तरह का नक्सली भाई नहीं है। यहां विधानसभा चुनाव के दौरान बाकायदा सभी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे और हर बार की तरह इस बार भी गांव में विकास कार्य पहुंचने का वादा किया। लेकिन लंबे समय से गांव में सड़क पेयजल और बिजली की सुविधा की मांग की जा रही है. इस गांव की कोई भी सुध लेने वाला नहीं है. गांव के सरपंच से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों यहां तक की खुद पूरे गांव के ग्रामीण बस्तर कलेक्टर के पास भी गांव में सड़क की मांग पेयजल की मांग और प्रायमरी स्कूल में शिक्षक की मांग कर चुके हैं. लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मूलभूत सुविधा का अभाव

इस समस्याओं को लेकर दरभा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा कि इस गांव में कई विकास कार्य प्रस्तावित है। लेकिन यह काम क्यों शुरू नहीं हो सका है इसके बारे में जरूर पता लगाया जाएगा। कुल मिलाकर इस गांव के ग्रामीण आजादी के 75 साल बाद भी सरकारी योजनाओं के साथ-साथ सबसे जरूरी सड़क पर जल और बिजली की सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे पशुओं की तरह जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

विधायक भावना बोहरा ने ली अफसरों की बैठक, दिए निर्देश

हरिनाला निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने का निर्देश

पोंडी से पांडातराई और पंडरिया तक सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता के लिए दिए जांच के निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक भावना बोहरा ने कवर्धा में प्रशासनिक अधिकारियों एवं सभी विभागों के अधिकारियों तथा पुलीस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई मत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल कार्य करने के निर्देश जारी किये हैं। इनमें प्रमुख रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण सहित हरिनाला निर्माण कार्य, बहुप्रतीक्षित सुतियापाट नहर विस्तारीकरण के कार्य में रुकावट को दूर कर उसे जल्द प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए। पीएम आवास योजना के तहत पूर्ण व अपूर्ण घरों व लाभार्थियों की सूचि तथा जिनके घर अधुरें हैं उन्हें जल्द से जल्द आवास योजना का लाभ दिलाने के साथ शक्कर कारखाना में शेयर धारकों को हो रही परेशानी को दूर करने के संबंध में चर्चा कर कारखाने की क्षमता बढ़ाने ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सके व रिक्त पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने की भी बात कही जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। इसके साथ ही भावना बोहरा ने अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को अवैध कारोबार पर नकेल कसने और जनता के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ जल्द दूर करने की बात भी कही। वहीं रुके हुए विकास कार्यों को भी जल्द से जल्द सुचारू रूप से शुरू करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में भावना बोहरा ने प्रमुख रूप से पंडरिया में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनता को हो रही समस्या को देखते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द हरिनाला निर्माण कार्य को शुरू करने के साथ ही महतारी एक्सप्रेस को समय पर जरूरतमंद लोगों तक पहुँचने, कुकदुर व जंगल जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने तथा विधानसभा में सर्वसुविधा युक्त एक आदर्श अस्पताल एवं आदर्श विद्यालय की स्थापना करने की बात कही। साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों को एकजुट होकर और आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की बात कही जिसका सकारात्मक परिणाम जनता को जमीनी स्तर पर दिखाई दे और उन्हें लाभ मिले। बैठक में भावना बोहरा ने शिक्षा, स्वास्थ्य और जनता की समस्याओं के निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा में जितने भी विद्यालय के भवन जर्जर हैं अथवा जहाँ पर्याप्त साधन, सुविधा, शौचालय तथा बाउंड्रीवाल जैसे मूलभूत सुविधाओं की कमी को चिन्हांकित कर उसमें जल्द सुधार करने की बात कही। इसके साथ ही आदर्श विद्यालय स्थापित करते हुए सभी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा हेतु शिक्षकों की आवाजाही के समय, उपस्थिति एवं जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है वहां तत्काल शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। इस दौरान भावना बोहरा ने विभाग के अधिकारियों को सुतियापाट नहर विस्तारीकरण एवं पड़कीपार-बड़ौदा जलाशय परियोजना के सर्वे स्वीकृति, बांध व नाली निर्माण के कार्य में आई रुकावटों को तत्काल दूर करने एवं उसपर कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए रोक के कारणों के विषय में जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए इस बहुप्रतीक्षित मांग पर कार्य शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। विदित हो की पूर्व में भाजपा सरकार द्वारा 2017 में बहुप्रतीक्षित परियोजना सुतियापाट जलाशय के ग्राम पिपराटोला से रणवीरपुर तक लेफ्ट बैक केनाल (दाहिने नहर लाइन) के लगभग 16 किलोमीटर लंबे नहर विस्तारीकरण कार्य हेतु 16.50 करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति दी थी परन्तु कांग्रेस सरकार ने इस पर रोक लगा दिया। भावना बोहरा के नेतृत्व में इस परियोजना को शुरू करने के लिए लगातार आन्दोलन भी किया गया और उन्होंने अपने निजी घोषणा पत्र में इस परियोजना को शुरू कराने की भी बात कही थी जिसपर एक्शन मोड में काम करते हुए उन्होंने आज अधिकारियों को बैठक में इस परियोजना को प्राथमिकता के साथ जल्द शुरू करने एवं आ रहे अवरोधों को दूर करने के लिए निर्देशित किया है।

43 ठेकेदारों को नोटिस जारी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की कार्यों की विस्तृत समीक्षा की है। कार्य में लापरवाही,समय पर कार्य न पूर्ण करने,कार्य प्रारंभ ना करने,आधे अधूरे कार्य करने पर जिले के 43 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियो3 पर नाराजगी जताते हुए फील्ड में जाने के निर्देश दिए है। श्री कुमार ने दो टूक कहा की जल जीवन मिशन में जिले की अच्छी स्थिति नहीं है। ठेकदार बहुत ही लापरवाही से कार्य कर रहे हैं। जिन स्थानों में अभी कार्य स्वीकृति मिलने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं ऐसे कार्यों को निरस्त करें साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित ठेकेदारों के फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी मैदानी अमलों से प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देने कहा है। टेण्डर जारी होने के बाद ठेकेदारों द्वारा शीघ्र अनुबंध कर 15 दिन के अंदर कार्य प्रारम्भ कर देना चाहिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे पाइप व नल इत्यादि की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पाईप बिछाने व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद संबंधित ठेकेदार के द्वारा गड्ढों को समय पर मिट्टी भरकर समतलीकरण कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों ने फील्ड में होने वाले व्यवहारिक समस्याओं के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही समस्या को निराकरण के आश्वासन दिए है।

954 गांवों में घर घर पहुंचेगा पानी

गौरतलब है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में 954 गांवों में घर-घर नल जल पहुंचाना है जिसमें से अब तक 954 गांवों के लिए टेंडर पूरा हो गया है। उक्त बैठक में सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री मनोज ठाकुर सहित विभाग के सभी एसडीओ, सब इंजीनियर व संबंधित सभी ठेकेदार उपस्थित थे।

मां दंतेश्वरी मंदिर ले रहा भव्य स्वरूप

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेश्वरी मंदिर कॉरिडोर का 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। गदाधारी हनुमान भी मूर्त रूप लेने लगे हैं। जल्द ही पूरे कॉरिडोर का काम अंतिम चरण में होगा। कॉरिडोर अब मूर्त रूप ले रहा है। मंदिर परिसर का मुख्य द्वार हो या फिर टेंपल कार्यालय या फिर संग्राहलय सब बनकर लगभग तैयार है। उम्मीद है कि जनवरी माह तक काम पूरा हो जाएगा। 2024 से मंदिर कॉरिडोर अपने पूर्ण मूर्त रूप में होगा।

राजस्थान के जयपुर के सिकंदरा से पत्थर मंगवाकर कुशल कारीगर नक्काशी कर लगा रहे हैं।

श्रद्धालुओं को भी मिलेगी बेहतर सुविधाएं

रिवर फ्रंट मंदिर के क्षेत्र से लगे डंकनी नदी में निर्माण हो रहा है। 150 मीटर रिटर्निंग वाल का निर्माण तेजी से हो रहा। लगभग 70 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हो रहा है। मंदिर का कारिडोर में ज्योति कलश भवन बनकर तैयार हो चुका है। इसमें 24 इमारतें हैं जिनका निर्माण हो रहा है। पहले जो मंदिर छोटा था रास्ता भी संकरा था नवरात्र में श्रद्धालुओं को बहुत परेशानी होती थी। इसके साथ ही हनुमान जी की मूर्ति का भी कार्य अपने अंतिम चरण में चल रहे हैं।

दिल्ली से आई तनसाइड सीट

छत में दिल्ली से मंगवाकर तनसाइड सीट लग रहा है। जिसका वजन लगभग 230 किलो तक है। जिसे क्रेन की मदद से लगाया जा रहा है।

> वो दंतेश्वरी माई का दर्शन करने अपने निवास जगदलपुर से पैदल चलकर दर्शन करने आते थे । मां दंतेश्वरी माई से उनका शुरू से लगाव था उन्हीं की कृपा से उन्हें यह काम करने का मौका मिला। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य करवाया जा रहा है बहुत ही जल्दी काम कंप्लीट हो जाएगा। मां के आशीर्वाद से मंदिर के कोरीडोर का निर्माण जल्द पूरा होगा।
> –विनीत नंदनवार कलेक्टर दंतेवाड़ा

चलती ट्रैक्टर में लगी आग

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम में उस वक्त अफरा तफरी का माहौल बन गया जब आग घिरा हुए एक ट्रैक्टर सड़क पर दौड़ता लोगों ने देखा। जब ट्रैक्टर में लगी आग की जानकारी ड्राइवर को हुई तो उसके कुछ भी समझ में नहीं आया। .उसने बीच सड़क पर ही चलते हुए ट्रैक्टर से छलांग लगा दी। ये तो अच्छा रहा कि ट्रैक्टर कुछ दूर जाकर खुद ही रूक गया। इससे कोई भी बड़ी अनहोनी नहीं हुई। क्योंकि जिस जगह पर ये ट्रैक्टर रूका वहां से थोड़ी ही दूरी पर लाइन से दुकानें थी। जिसके कारण बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रायपुर-जबलपुर बायपास की है। जहां शुक्रवार सुबह 11 बजे एक पैरा लेकर जा रही ट्रैक्टर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रुप ले लिया। ट्राली से धुंआ उठता देखकर चालक को कुछ भी समझ में नहीं आया। इसके बाद उसने गाड़ी का स्टेयरिंग छोड़कर कूदने में ही भलाई समझी। आग को बढ़ता देखकर ट्रैक्टर छोड़कर ड्राइवर गाड़ी से कूद गया। वहीं थोड़ी दूर सड़क पर जाकर ट्रैक्टर खुद रुक गया।

फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

ट्रैक्टर में आग लगने की जानकारी जैसे ही फायर ब्रिगेड टीम को लगी तो वो मौके पर पहुंची। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने ट्रैक्टर पर लगी आग पर काबू पाया। इस दौरान काफी समय तक आवाजाही बाधित रहा। आग बुझाने के बाद अब पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी ।।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक क/वा/नजूल/2023
मुंगेली, दिनांक 11/12/2-23

श्रीमती रूची जैन पुत्र गौतम लोधा, निवासी मोहल्ला पुराना बस स्टैंड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) .... आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन .... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्रीमति रूची जैन पति गौतम लोढ़ा, निवासी मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-सी, प्लाट नंबर 45/3, क्षेत्रफल 68 वर्गमीटर नजूल भूमि पर भू-तल पर व्यवसायिक एवं प्रथम तल पर आवासीय भवन निर्माण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 27/12/2023 को दिन के 03.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 11/12/23 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

Email-durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 1184 लो.क.वि./2023 दिनांक 13.12.23

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आंगत्रित की जाती है-

क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	निविदा जारी दिनांक
1.	Construction of Toilet Block Type-1 (10 Seater) Aspirational At Ganj Chowk as per enclosed specifications and drawings including Defect liability period of 36 months from the date of completion. **System No. 150052 Dated:13.12.2023**	रू. 28.20	**13.12.2023 से 02.01.2024 खोलने की तिथि 04.01.2024**

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय नगर पालिक निगम, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्र./ 3584/न.पा.नि / लो.नि.वि./2023 जगदलपुर दिनांक 13/12/2023

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "F" (lump Sum) दर पर दिनांक 03.01.2024 को सायं 05.30 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 04.01.2024 को प्रातः 11.30 बजे खोले जावेगें। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 26.12.2023 को सायं 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 27.12.2023 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। दर नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय या विभागीय वेबसाइट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से एवं लोक निर्माण शाखा में देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनु.ला. लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की समयावधि
1	Construction of Toilet Block Type-1 (10 Seater) Aspirational Toilet Chitrakot Road Dharmpura No. 1 near P.G. College Jagdalpur as per enclosed specifications and drawings including Defect liability period of 36 months from the date of completion.	28.20	22000.00	1500.00	06 माह
2	Construction of Toilet Block Type-1 (10 Seater) Aspirational Toilet Sargipal, Geedam Road proposal Transport Nagar Jagdalpur as per enclosed specifications and drawings including Defect liability period of 36 months from the date of completion.	28.20	22000.00	1500.00	06 माह

नगरपालिक निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

सीएम साय की सादगी किस से खाएगी मेल, लखन बनेंगे मंत्री या फिर चौकाएंगे पटेल

■ सस्पेंस बरकरार ...कोरबा लोकसभा की जनता को इंतजार

कोरबा/नवप्रदेश। भाजपा सरकार ने अपने बेड़े में हर लोकसभा से एक मंत्री शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मिनिस्ट्री पाने की इस ताजा दौड़ हमारे कोरबा संसदीय क्षेत्र से दो विधायक मैदान में हैं। खास बात ये कि कोरबा और कटघोरा विधायक ने भी अपनी अपनी मोहक छवि से ही जनता का दिल जीता है। सीएम साय भी इन्हीं गुणों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन देखने वाली बात होगी कि साय की सादगी हमारे किस विधायक से मैच होती है। पूर्व

में ससदीय सचिव की जवाबदारी निभा चुके लखन की गाड़ी में लाल बत्ती होगी या फिर रेलडबरी से कमल खिलाने वाले प्रेमचंद मिनिस्टर की पोस्ट के हकदार बनेंगे।

प्रत्येक लोकसभा से एक मंत्री के फंडे से कोरबा को कनेक्ट करें, तो एक कमाल की बात नजर आती है। सीएम विष्णुदेव साय से लेकर हमारे लखनलाल देवांगन और प्रेमचंद पटेल तक, इस दफा सादगी में हर किसी ने महारत हासिल कर रखी है। सीएम को लेकर पहले शाह ने सरप्राईज दिया और अब चौंकाने की बारी साय की है। कोरबा लोकसभा में दो विधायक हैं, जिसमें किसी एक को ही मिनिस्टर कहलाने का सौभाग्य मिल सकेगा। कटघोरा से चुनाव जीतकर पहली दफा विधानसभा पहुंचे विधायक प्रेमचंद पटेल को बुलाते हैं या लखनलाल देवांगन को।

इधर 15 साल के साम्राज्य में लगाई सेंध, उधर 20 बरस से जुटा अंतिम छोर का कार्यकर्ता

विष्णु राज में कोरबा जिले किसे मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी इसकी चर्चा तो छिड़ ही गई है। पिछले 20 बरस से भाजपा का कमल थामे जुटे प्रेम को भी मंत्रिमंडल में जगह मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता। बात लखन की करें तो वे भी मंत्री के हकदार है क्योंकि उन्होंने कद्दावर मंत्री को हराकर ÷माई नेम लखन÷ कहते हुए 15 साल के साम्राज्य को हिलाया है।

जल जीवन मिशन के पाइप में बांध रहे मवेशी ग्रामीणों के घरों तक नहीं पहुंचा साफ पानी

52 करोड़ खर्च के बावजूद पटना तहसील के 52 पंचायतों के घरों में नहीं पहुंचा पानी

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत पटना तहसील क्षेत्र के 52 पंचायतों में पेयजल के लिए 2 साल में करीब 52 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है । बावजूद योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है । जल जीवन मिशन योजना से घर-घर पानी उपलब्ध कराने के लिए पीएचई विभाग ने नल कनेक्शन के लिए पाइप व चबूतरे तो लगा दिए लेकिन सप्लाई हर घर पानी कब पहुँचेगा इसकी गारंटी नहीं जहां पानी शुरु वहां भी चबूतरे व टोटी गायब सौर ऊर्जा का भी बुरा हाल । निर्माण के दो साल बाद भी पानी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। वही अधिकारी विकसित भारत योजना के तहत व्यस्त होने का हवाला देते हुए कुछ भी कहने से बच रहे जबकि इस योजना में भी केंद्र व राज्य की योजना को लेकर जागरूक करना है जिसमें केंद्र की जल जीवन योजना भी एक महत्वपूर्ण योजना हैं फिर भी जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे जिससे जिले में हुए कार्यो की गुडवत्ता को लेकर सवाल उठना लाजमी है ।

ग्राम पंचायत चिरगुड़ा, कटोरा ,तेंदुआ ,करही पारा में भी ओवरहेड पानी टंकी बनाकर गांव के आधे-अधूरे ग्रामीणों के घरों में पाईप लाइन विस्तार कराया गया है लेकिन जिनके घरों तक पाइप लाइन नहीं पहुंचा है वहां भी स्टाम्प पोस्ट तैयार कर दिया गया है। यहां भी ग्रामीण स्टाम्प पोस्ट का उपयोग मवेशी बांधने में कर रहे हैं । कई स्थानों के स्टाम्प पोस्ट तो टूट कर नष्ट हो चुके हैं । इसी तरह ग्राम पंचायत छिंदिया, तेंदुआ, डूमरिया, पीपरा, टेंगनी, टेमरी, खोंड़, सावांरावां, करहिया खांड़, बरदिया, कटकोना, मुरमा, अंगा, पूटा, चम्पाझर, डकईपारा, जमगहना, महोरा, अमहर, डबरीपारा, कसरा, तरगंवा, रामपुर, बुड़ार, कुड़ेली सहित क्षेत्र के सभी अन्य पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत 2 साल से निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं और ग्रामीण पानी के इंतजार में हैं।

पुराने स्त्रोतों पर पेयजल के लिए निर्भर

जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व निस्तार के लिए ग्रामीण पुराने स्रोतों पर ही निर्भर हैं । ग्रामीणों का कहना है कि अधूरी पड़ी योजना को लेकर विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं. कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पटना सहित आसपास के 52 पंचायतों में ग्रामीणों को हो रही पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन समेत अन्य योजनाओं के तहत पिछले 2 साल में ओवरहेड पानी टंकी, स्टाम्प पोस्ट, पाइप लाइन विस्तार कार्य के नाम पर 52 करोड़ रुपए से भी अधिक राशि खर्च की गई है, लेकिन घरों के बाहर लगे नल में पानी नहीं पहुंचा । विभागीय लापरवाही से योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल सका है । पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है, लेकिन जगह-जगह नल कनेक्शन के लिए लगे पाइप व चबूतरे का लोग जानवरों के खूंटे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं । पंचायतों में पेयजल आपूर्ति का कार्य शुरू नहीं किया गया जिस वजह से ग्रामीणों को पेयजल के लिए पानी नहीं मिल रहा है, गांवों में पानी की व्यवस्था के लिए ग्रामीणों को पुराने स्रोत, निजी ट्यूबवेल, हैंडपंप व कुआं का ही उपयोग करना पड़ रहा है।

पाइप लाइन का विस्तार नहीं

ग्राम पंचायत शिवपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास ओवरहेड पानी टंकी बना है । पंचायत क्षेत्र के समस्त वार्डों में प्रत्येक ग्रामीण के घरों व सड़क किनारे पानी सप्लाई के लिए स्टाम्प पोस्ट लगाया गया है लेकिन पानी सप्लाई के लिए गांव में पाइप लाइन का विस्तार नहीं किया गया है । बिना पाइप लाइन विस्तार के स्टाम्प पोस्ट तैयार कर केवल दिखावा कर कागजों में काम पूरा बताकर ठेकेदार ने विभागीय मिलीभगत से राशि निकाल ली । ग्रामीण पानी सप्लाई का इंतजार करते थक हार कर अब बनाए गए स्टाम्प पोस्ट में गाय, बैल बांधने के लिए उपयोग करने लगे हैं ।

किसानों से बस्तर में नहीं खरीदा जा रहा 20 क्विंटल धान

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग सहित अन्य जिलों में भी समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है। विधानसभा चुनाव 2023 में प्रदेश में बीजेपी की नई सरकार बनने के बाद किसान अब अपना धान बीजेपी के घोषणा अनुसार प्रति क्विंटल 3100 रुपए के समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं, किसानों से धान की खरीदी के लिए बस्तर संभाग में सहकारी समिति के द्वारा 238 सहकारी समितियां बनाई गई है। और इन सहकारी समिति के अंतर्गत 382 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें धान की ख़रीदी की जा रही है।

प्रदेश में नई सरकार बनने के साथ ही किसान बड़ी संख्या में धान बेचने इन केंद्रों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन कुछ किसानों का कहना है कि उनसे 17 से 18 क्विंटल धान ही खरीदी जा रही है, जबकि निगम के मुताबिक एक किसान 20 क्विंटल तक धान बेच सकता है, वहीं धान खरीदी केन्द्रों में बैठे लैम्प्स प्रबंधक इसे शासन का आदेश और जिला प्रशासन के अधिकारियों का आदेश बता रहे हैं। किसानों से लगभग 2 से 3 क्विंटल कम धान खरीदने से किसान बाकी बचे धान के लिए काफी चिंतित नजर आ रहे हैं और सरकार से पूरा 20 क्विंटल धान खरीदी करने की मांग कर रहे है।

जानबूझकर किसानों से कम धान खरीदी करने पर की जाएगी कार्रवाई

जिला सहकारी समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चंद्राकर ने बताया कि इस साल बस्तर संभाग में 1 करोड़ 25 लाख क्विंटल धान खरीदने का टारगेट विभाग ने रखा है और एक महीने में लगभग 36 हजार 637 किसानों से 17 लाख 70 हजार क्विंटल धान की खरीदारी उपार्जन केंद्रों में कर ली गई है बाकि बचे किसानों से धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों में लगातार की जा रही है, शासन ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल के मुताबिक किसानों से धान ख़रीदी करने के आदेश दिये है, जिस किसान का भी प्रति एकड़ में जीतना धान का उत्पादन होगा उससे उतनी धान की खरीदी की जाएगी।

उपार्जन केंद्रों में कम धान खरीदने से किसान परेशान

बस्तर जिले के बस्तर विकासखंड के 10 से अधिक धान खरीदी केन्द्रों में सैकड़ों की संख्या में किसानों से 17 से 18 क्विंटल ही धान खरीदा जा रहा है, जबकि शासन से मिले आदेश के मुताबिक एक किसान से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदा जाना है, जिन केंद्रों में किसानों से कम धान खरीदा जा रहा है उसमें मुण्डागांव, सालेमेटा, भानपुरी, चपका, घोटिया और अन्य इस इलाके के केंद्र शामिल है, धान बेचने इन केंद्रों में पहुंच रहे किसानों का कहना है कि उनसे 16 और ज्यादा से ज्यादा 18 क्विंटल ही धान खरीदा जा रहा है।

कम धान खरीदे जाने की वजह शासन से आदेश मिलने की बात कही जा रही है, किसानों का कहना है कि यह पहली बार हुआ है कि किसानों से 20 क्विंटल की जगह 17 या18 क्विंटल ही धान खरीदी की जा रही है, किसान अब अपने बचे हुए धान को लेकर चिंतित है, किसानों का कहना है बाजार में धान प्रति क्विंटल 1400 से 1500 रुपये क्विंटल में ख़रीदी जाती है, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य से आधे कीमत में अपने धान को मजबूरन बेचना पड़ सकता है, इसलिए किसानों ने शासन से पूरा 20 क्विंटल धान खरीदे जाने की मांग की है।

अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई, आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर में पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने हाल ही में युवती की हत्या मामले में आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतका का प्रेमी है। आरोपी ने पूरी प्लानिंग के तहत खौफनाक वारदात को अंजाम दिया है। इतना ही नहीं आरोपी ने पुलिस को भी मामले में गुमराह करने की कोशिश की है।

ये है पूरा मामलाः दरअसल, ये पूरा मामला बलरामपुर जिले का है। यहां अंवराझरिया घाट पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बीते 19 नवंबर को एक युवती का शव मिला था। शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। युवती अंबिकापुर की रहने वाली थी। घटना के बाद पुलिस हत्या मामले में जांच में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रामानुजगंज के ग्रामीण बैंक में काम करने वाले अजीत पाठक और मृतका के बीच प्रेम संबंध था। दरअसल, युवती आरोपी पर शादी का दबाव बना रही थी। हालांकि आरोपी शादी नहीं करना चाहता था। आरोपी अजित की शादी कहीं और तय हो गई थी। यही कारण है कि वो युवती को रास्ते से हटाने के लिए आरोपी ने उसकी हत्या कर दी।

19 नवंबर की शाम पुलिस को फोन पर सूचना मिली कि अंवराझरिया घाट पर सड़क किनारे एक युवती की लाश पड़ी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को जिला अस्पताल लेकर गए तक युवती की मौत हो चुकी थी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी मृतका का प्रेमी है। वो बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। आरोपी की शादी तय हो चुकी थी, इसलिए उसने प्रेमिका को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।-चंद्रेश सिंह ठाकुर, एएसपी बलरामपुर

ऐसे दिया वारदात को अंजामः आरोपी ने 19 नवंबर को अपनी कार से कुचलकर युवती की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने युवती के मोबाइल से मिले डाटा और कॉल डिटेल के साथ ही वाट्सएप चैट को भी खंगाला। युवती से हुई चेटिंग डिटेल के आधार पर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की।

अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

धमतरी/नवप्रदेश। नगर निगम के अमले ने सालों से सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ मुहिम शुरु कर दी है। नगर निगम की शिकायत थी कि सालों से कई दुकानदारों ने सड़क किनारे रोड पर कब्जा कर दुकानें खड़ी कर ली हैं। नगर निगम की ओर से कई बार उनको चेतावनी भी जारी की गई, बावजूद इसके दुकानदारों ने अपने दुकानों को नहीं हटाया। नगर निगम की चेतावनी के बाद भी जिन दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया उनकी दुकानों को बुलडोजर की मदद से जमीदोज कर दिया गया।

नगर निगम ने चेतावनी के बाद हटाया अतिक्रमणः नगर निगम प्रशासन ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वो दोबारा अगर कब्जा जमाते हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों और राहगीरों की भी शिकायत है कि अतिक्रमण के चलते सड़कों पर गाड़ी लेकर निकलना मुश्किल हो गया है। कई दुकानदार तो ऐसे हैं जो सालों से सड़क घेरकर दुकान और गुमटी लगा रहे थे। नगर निगम ने कई दुकानदारों के सामान को भी बुलडोजर की मदद से तोड़ दिया।

अवैध कब्जे पर चला बुलडोजरः नगर निगम के उपायुक्त पीसी सार्वा के मुताबिक समय समय पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। इस बार भी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए गए गए थे। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें हटाई जबकी कई दुकानदारों ने दुकान चालू रखी। नगर निगम के अमले ने उन दुकानों को निशाना बनाया जो चेतावनी के बाद भी दुकान कब्जे की जमीन पर चला रहे थे।

स्टंटबाज बाइकर पर पुलिस ने ठोका जुर्माना

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार शहर के गार्डन चौक के पास एक वाहन चालक को सफेद रंग की जेडएमआर मोटरसाइकिल पर सवार होकर स्टंटबाजी करते हुए सीसीटीवी के माध्यम से पहचान की गई। आरोपी वाहन चालक द्वारा वाहन में एक अन्य व्यक्ति को पीछे बिठाकर अपना हाथ हैंडल से छोड़कर बहुत ही खतरनाक ढंग से वाहन चलाया जा रहा था। यह स्टंट स्वयं उसके लिए तथा आने जाने वाले अन्य लोगों के लिए भी बहुत घातक सिद्ध हो सकता था। बलौदाबाजार सिटी सर्विलांस सिस्टम की सहायता से तत्काल इस वाहन चालक तिलक सारथी पिता श्याम कुमार सारथी उम्र 24 साल निवासी नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार निवासी को यातायात पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की धारा 184 एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही कर 2000 का चालान काटा गया है।

पुलिस ने भविष्य में इस प्रकार कोई भी स्टंट करते हुए पकडे जाने पर मोटरसाइकिल जप्त कर कड़ी कार्रवाई करने हेतु वाहन चालक को सख्त हिदायत दिया गया। कार्यवाही के बाद वाहन चालक तिलक सारथी द्वारा उक्त स्टंट के लिए माफी मांगते हुए सदैव यातायात नियमों का पालन कर, नियमों का सम्मान करना स्वीकार किया गया।

अंबिकापुर के दमकल कर्मियों का नगर सेना में नहीं हो पाया संविलियन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर नगर निगम के अधीन दमकल विभाग में सेवा दे रहे नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों का नगर सेना में विलय होने के छह साल बाद भी इन कर्मचारियों का दमकल विभाग में संविलियन (मर्जर) नहीं हो पाया है। इधर संविलियन की मांग को लेकर विभाग से लेकर शासन स्तर पर पत्राचार करने वाले दमकल कर्मियों को नगर सेना अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक के एक पत्र से और झटका लगा है। प्रमुख सचिव छग शासन के नाम से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगरीय निकायों से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत नियमित कर्मचारियों का अग्निशमन सेवा में संविलियन करने प्रस्ताव प्रेषित किया गया था।

जिसके संबंध में छग शासन गृह विभाग मंत्रालय की तरफ से 19 अक्टूबर को अवगत कराया गया कि नगरीय निकाय के कर्मचारी शासकीय सेवक नहीं हैं। जबकि गृह विभाग की अग्निशमन शाखा शासकीय है। ऐसे स्थिति में गैर शासकीय संस्था के कर्मचारियों को शासकीय विभाग में संविलियन नहीं किया जा सकता। इसलिए प्रस्ताव पर सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से असहमति व्यक्त की गई है। नियमित अग्निशमन कर्मचारियों का शासकीय कर्मचारियों को उनके वेतन से भविष्य निधि और बीमा सहित अन्य कटौती नियमानुसार हो रही है।

जान जोखिम में डालकर सेवा दे रहे हैं- ऐसी स्थिति में कई कर्मचारी आग बुझाने के प्रयास में स्वयं आग की चपेट में आने से कई बार बचे हैं। गनीमत है कि अभी तक उनके साथ कोई अनहोनी नहीं हुई। दमकल विभाग में कार्य कर रहे कर्मचारियों की चिंता इस बात को लेकर बनी रहती है कि यदि उनके साथ कोई हादसा हुआ तो उनके परिवार का क्या होगा। आपातकालीन सेवा होने के बावजूद न सिर्फ विभाग, बल्कि शासन स्तर पर उनके हितों की उपेक्षा की जा रही है। प्लेसमेंट कर्मी अल्प मानदेय होने के बावजूद जान जोखिम में डालकर सेवा दे रहे हैं। अंबिकापुर के कार्यालय में पदस्थापना के तौर पर उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन किया था, मौजूदा समय में 15 किमी दूर दरिमा स्थिति हवाई अड्डा में भी उनसे सेवाएं दी जा रही है, जिससे जीविकोपार्जन के लिए उनके पास आर्थिक तंगी बनी रहती है। यही हाल नियमित कर्मियों का भी है, उनका कहना है कि निगम में नियमित कर्मी के तौर पर उनकी भर्ती हुई थी इसके बावजूद होमगार्ड विभाग उन्हें अशासकीय कर्मचारी मान रहा है।

शासन के दिशा निर्देश पर ही होगी आगे की कार्रवाई- इस संबंध में नगर सेना के संभागीय सेनानी राजेश पांडेय ने कहा कि दमकल विभाग में नियमित भर्ती का प्रावधान है। शासन के निर्देश पर ही यह प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के अशासकीय कर्मचारियों का विभाग में संविलियन संभव नहीं है। विभाग में संविलियन के लिए अभी शासन से दिशा निर्देश नहीं आया है। इस संबंध में शासन के दिशा निर्देश पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

भविष्य को लेकर कर्मचारियों की चिंता बढ़ी

कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति मृत्यु होने पर उनके समस्त स्वत्वों का भुगतान सेवा शर्तो के अनुरूप नगरीय निकाय की तरफ से किया जाता है। इसी प्रकार कर्मचारियों की दुर्घटना या घायल होने पर शासकीय कर्मचारियों के समान नियमानुसार उन्हें चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान भी किया जाता है। इधर यह पत्र प्राप्त होने के साथ ही दमकल विभाग में सेवा दे रहे कर्मचारियों की चिंता भविष्य को लेकर बढ़ गई है। नगर सेना के दमकल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के तरफ से अति जोखिम उठाकर भी कई बार बचाव कार्य किया जा रहा है।

2017 में हुआ था विलय

शासन के दिशा निर्देश के तहत 23 अगस्त 2017 को नगर पालिक निगम अंबिकापुर के अधीन दमकल विभाग में कार्य कर रहे 18 नियमित कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया गया था और इसके बाद से वे प्रतिनियुक्ति के तौर पर नगर सेना के दमकल विभाग के अधीन सेवा देते आ रहे हैं। इसी प्रकार 14 प्लेसमेंट कर्मचारियों भी जो दमकल विभाग में सेवा दे रहे थे, होमगार्ड विभाग के अधीन हो गए। इन कर्मचारियों के तरफ से होमगार्ड विभाग के दमकल विभाग में संविलियन की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिसके तहत कई बार शासन स्तर पर पत्र लिखा जा चुका है। तब से लेकर आज तक करीब दो दमकल कर्मियों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य कर्मी सेवानिवृत्त हुए है। मौजूदा समय में 13 नियमित और 10 से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मी कार्यरत हैं।

प्रधान मंत्री
आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

मोदी की गारंटी

छत्तीसगढ़ के 18 लाख से अधिक

पात्र परिवारों को अब मिलेगा पक्का आवास

मुख्यमंत्री

श्री विष्णु देव साय

उप मुख्यमंत्री द्वय

श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा

ने पहली केबिनेट बैठक में लिया ऐतिहासिक निर्णय

हर पात्र परिवार को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

संवाद- 39115

हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे

संकल्प निभाएंगे
छत्तीसगढ़ को खुशहाल बनाएंगे

सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in